Hadaaiqe Bakhshish (Hindi)

हदाइके़ बख़्शिश

आ'ला हज़रत इमामे अहले सुन्नत मुजद्दिदे
दीनो मिल्लत परवानए शम्ए रिसालत शाह

इमाम अहमद रज़ा ख़ान

मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी)

येह किताब

"ह़दाइके़ बख़्शिश"

आ'ला ह़ज़रत **इमाम अह़मद रज़ा** ख़ान عَلَیْہِ رَحْمَۃُ الرَّحْمٰن के **उर्दू** और दीगर ज़बानों में तह़रीर कर्दा कलामों का मजमूआ़ है। जिसे मजलिसे **अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या** ने पेश किया है। मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी) ने इस किताब को **हिन्दी** रस्मुल ख़त़ में तरतीब दे कर पेश किया है और **मक-त-बतुल मदीना** से शाएअ़ करवाया है।

इस किताब को हिन्दी रस्मुल ख़त़ में तरतीब देते हुए दर्जे ज़ैल मुआ़-मलात को पेशे नज़र रखने की कोशिश की गई है :

(1) क़रीबुस्सौत (या'नी मिलती जुलती आवाज़ वाले) ह़ुरूफ़ के आपसी इम्तियाज़ (या'नी फ़र्क़) को वाज़ेह़ करने के लिये हिन्दी के चन्द मख़्सूस ह़ुरूफ़ के नीचे डॉट (.) लगाने का ख़ुसूसी एहतिमाम किया गया है। मा'लूमात के लिये **"ह़ुरूफ़ की पहचान"** नामी चार्ट मुला-ह़ज़ा फ़रमाइये।

(2) जहां जहां तलफ़्फ़ुज़ के बिगड़ने का अन्देशा था वहां तलफ़्फ़ुज़ की दुरुस्त अदाएगी के लिये जुम्लों में डेश (-) और साकिन ह़र्फ़ के नीचे खोड़ा (्) लगाने का एहतिमाम किया गया है।

(3) उर्दू में लफ़्ज़ के बीच में जहां ع साकिन आता है उस की जगह हिन्दी में सिंगल इन्वर्टेड कोमा (') इस्ति'माल किया गया है। म-सलन دَعْوت، اِسْتِعْمَال (दा'वत, इस्ति'माल वग़ैरा)।

इस किताब में अगर किसी जगह कमी बेशी या ग़-लती पाएं तो मजलिसे तराजिम को (ब ज़रीअ़ए मक्तूब, E-mail या sms) मुत्त़लअ़ फ़रमा कर सवाब कमाइये।

हुरूफ़ की पहचान

फ = پھ	प = پ	भ = بھ	ब = ب	अ = ا
स = ث	ठ = ٹھ	ट = ٹ	थ = تھ	त = ت
ह़ = ح	छ = چھ	च = چ	झ = جھ	ज = ج
ढ = ڈھ	ड = ڈ	ध = دھ	द = د	ख़ = خ
ज़ = ز	ढ़ = ڑھ	ड़ = ڑ	र = ر	ज़ = ذ
ज़ = ض	स = ص	श = ش	स = س	ज़ = ژ
फ़ = ف	ग़ = غ	अ़ = ع	ज़ = ظ	त़ = ط
घ = گھ	ग = گ	ख = کھ	क = ک	क़ = ق
ह = ھ	व = و	न = ن	म = م	ल = ل
ई = اِی / ی	इ = اِ	ऐ = اے	ए = ے	य = ی

राबिता : मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी)

मक-त-बतुल मदीना, सिलेक्टेड हाउस, अलिफ़ की मस्जिद के सामने, तीन दरवाज़ा, अह़मदआबाद-1, गुजरात

MO. 9374031409

E-mail :translationmaktabhind@dawateislami.net

एक वलिय्ये कामिल का रूह़ परवर और
ईमान अफ़रोज़ कलाम

ह़दाइक़े बख़्शिश

1325 हि.

ह़स्सानुल हिन्द मौलाना इमाम अह़मद रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن

पेशकश

मजलिसे अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या

नाशिर

मक-त-बतुल मदीना अह़मदआबाद

नाम किताब : ह़दाइके़ बख़्शिश
कलाम : आ'ला ह़ज़रत, इमामे अहले सुन्नत, मुजद्दिदे दीनो मिल्लत मौलाना इमाम **अह़मद रज़ा ख़ान** عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن
साले इशाअ़त : स-फ़रुल मुज़फ़्फ़र 1436 सि.हि.
नाशिर : मक-त-बतुल मदीना अह़मदआबाद

मक-त-बतुल मदीना की शाख़ें

मुम्बई : 19, 20, मुह़म्मद अ़ली रोड, मांडवी पोस्ट ऑफ़िस के सामने, मुम्बई फ़ोन : 022-23454429

देहली : 421, मटिया मह़ल, उर्दू बाज़ार, जामेअ़ मस्जिद, देहली फ़ोन : 011-23284560

नागपुर : मुह़म्मद अ़ली सराय रोड (C/0) जामिअ़तुल मदीना, कमाल शाह बाबा दरगाह के पास, मोमिनपुरा, नागपूर फ़ोन : 0712 -2737290

अजमेर : 19 / 216 फ़लाहे़ दारैन मस्जिद के क़रीब, नला बाज़ार, स्टेशन रोड, दरगाह, फ़ोन : (0145) 2629385

हुब्ली : A.J. मुढोल कोम्पलेक्स, A.J. मुढोल रोड, ब्रीज के पास, हुब्ली - 580024. फ़ोन : 09343268414

है़दरआबाद : पानी की टंकी, मुग़ल पुरा, है़दरआबाद फ़ोन : 040-24572786

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم : ''نِيَّةُ الْمُؤْمِنِ خَيْرٌ مِّنْ عَمَلِهٖ ٥'' मुसल्मान की निय्यत उस के अ़मल से बेहतर है।

(المعجم الكبير للطبرانی، الحدیث: ٥٩٤٢، ج٦، ص١٨٥)

दो म-दनी फूल : ﴾1﴿ बिग़ैर अच्छी निय्यत के किसी भी अ़-मले ख़ैर का सवाब नहीं मिलता।

﴾2﴿ जितनी अच्छी निय्यतें ज़ियादा, उतना सवाब भी ज़ियादा।

''क्लामे रज़ा'' के 7 हुरूफ़ की निस्बत से किताब पढ़ने की सात निय्यतें

۞ हर बार ह़म्द व ۞ सलात और ۞ तअ़व्वुज़ व ۞ तस्मिया से किताब का आग़ाज़ करूंगा (इसी सफ़्ह़े पर ऊपर दी हुई अ़-रबी इबारत पढ़ लेने से चारों निय्यतों पर अ़मल हो जाएगा) ۞ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ व ۞ **रसूलुल्लाह** صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की रिज़ा के लिये इस किताब का मुता़-लआ़ करूंगा ۞ दूसरों को येह किताब ख़रीदने की तरग़ीब दिलाऊंगा।

"तसव्वुरे मदीना कीजिये" के 14 हुरूफ़ की निस्बत से ना'त पढ़ने की चौदह निय्यतें

۞ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ और ۞ रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ۞ की रिज़ा के लिये ۞ हत्तल वस्अ़ बा वुज़ू ۞ क़िब्ला रू ۞ आंखें बन्द किये ۞ सर झुकाए ۞ गुम्बदे ख़ज़रा ۞ बल्कि मकीने गुम्बदे ख़ज़रा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का तसव्वुर बांध कर ना'त शरीफ़ पढ़ूं ۞ सुनूंगा ۞ किसी की आवाज़ भली न लगी तो उस को ह़क़ीर जानने से बचूंगा ۞ मज़ाक़न किसी कम सुरीली आवाज़ वाले की नक़्ल नहीं उतारूंगा ۞ ना'त ख़्वां ज़ियादा और वक़्त कम हुवा तो मुख़्तसर कलाम पढ़ूंगा ۞ दूसरा सलातो सलाम पढ़ रहा होगा तो बीच में पढ़ने की जल्दी मचा कर ख़ुद शुरूअ़ न कर के उस की ईज़ा रसानी से बचूंगा ۞ इन्फ़िरादी कोशिश या माईक के ज़रीए दा'वते इस्लामी के सुन्नतों भरे इज्तिमाआ़त, म-दनी क़ाफ़िले, म-दनी इन्आ़मात वग़ैरा की तरग़ीब दूंगा।

अच्छी अच्छी **निय्यतों** से मु-तअ़ल्लिक़ रहनुमाई के लिये **अमीरे अहले सुन्नत** دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه का सुन्नतों भरा बयान "**निय्यत का फल**" और निय्यतों से मु-तअ़ल्लिक़ आप के मुरत्तब कर्दा **कार्ड** और **पेम्फ़लेट** **मक-त-बतुल मदीना** की किसी भी शाख़ से हदिय्यतन त़लब फ़रमाएं।

"ना'ते रसूले पाक" के 10 हुरूफ़ की निस्बत से ना'त सुनने की दस निय्यतें

۞ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ और **रसूलुल्लाह** صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की रिज़ा के लिये ۞ हत्तल वस्अ बा वुज़ू ۞ क़िब्ला रू ۞ आंखें बन्द किये ۞ सर झुकाए ۞ दो ज़ानू बैठ कर ۞ गुम्बदे ख़ज़रा ۞ बल्कि मकीने गुम्बदे ख़ज़रा صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم का तसव्वुर बांध कर ना'त शरीफ़ सुनूंगा ۞ रोना आया और रियाकारी का ख़दशा महसूस हुवा तो रोना बन्द करने के बजाए रियाकारी से बचने की कोशिश करूंगा ۞ किसी को रोता तड़पता देख कर बद गुमानी नहीं करूंगा।

"ना'त ख़्वानी"

ना'त ख़्वानी हुज़ूरे पुरनूर, **शाफ़ेए यौमुन्नुशूर** صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की सना ख़्वानी और महब्बत की निशानी है और हुज़ूरे पुरनूर صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की सना ख़्वानी और महब्बत आ'ला द-रजे की इबादत और ईमान की हिफ़ाज़त का बेहतरीन ज़रीआ है लिहाज़ा जब भी इज्तिमाए ज़िक्रो ना'त में हाज़िरी हो तो बा अदब रहना चाहिये।

اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ وَالصَّلٰوۃُ وَالسَّلَامُ عَلٰی سَیِّدِ الْمُرْسَلِیْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰہِ مِنَ الشَّیْطٰنِ الرَّجِیْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰہِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ ؕ

अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या

अज़ शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी ह़ज़रत अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुह़म्मद इल्यास अ़त्त़ार** क़ादिरी र-ज़वी ज़ियाई دَامَتْ بَرَکَاتُہُمُ الْعَالِیَہ

الحمد للّٰہ علٰی اِحْسَانِہٖ وَ بِفَضْلِ رَسُوْلِہٖ صلی اللّٰہ تعالٰی علیہ وسلم

तब्लीग़े कुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक ''**दा'वते इस्लामी**'' नेकी की दा'वत, एह़याए सुन्नत और इशाअ़ते इ़ल्मे शरीअ़त को दुन्या भर में आ़म करने का अ़ज़्मे मुसम्मम रखती है, इन तमाम उमूर को ब हुस्नो ख़ूबी सर अन्जाम देने के लिये मु-तअ़द्दद मजालिस का क़ियाम अ़मल में लाया गया है जिन में से एक मजलिस ''**अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या**'' भी है जो दा'वते इस्लामी के उ़-लमा व मुफ़्तियाने किराम کَثَّرَھُمُ اللّٰہُ تَعَالٰی पर मुश्तमिल है, जिस ने ख़ालिस इ़ल्मी, तह़क़ीक़ी और इशाअ़ती काम का बीड़ा उठाया है। इस के मुन्दरिजए ज़ैल छ⁶ शो'बे हैं :

(1) शो'बए कुतुबे आ'ला ह़ज़रत (2) शो'बए दर्सी कुतुब
(3) शो'बए इस्लाही़ कुतुब (4) शो'बए तराजिमे कुतुब
(5) शो'बए तफ़्तीशे कुतुब (6) शो'बए तख़्रीज

"**अल मदीनतुल इल्मिय्या**" की अव्वलीन तरजीह़ सरकारे आ'ला ह़ज़रत, इमामे अहले सुन्नत, अ़ज़ीमुल ब-र-कत, अ़ज़ीमुल मर्तबत, परवानए शम्ए़ रिसालत, मुजद्दिदे दीनो मिल्लत, ह़ामिये सुन्नत, माहि़ये बिद्अ़त, आ़लिमे शरीअ़त, पीरे त़रीक़त, बाइ़से ख़ैरो ब-र-कत, ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अलह़ाज अल ह़ाफ़िज़ अल क़ारी शाह इमाम अह़मद रज़ा ख़ान عَلَیْہِ رَحْمَۃُ الرَّحْمٰن की गिरां मायह तसानीफ़ को अ़स्रे ह़ाज़िर के तक़ाज़ों के मुत़ाबिक़ ह़त्तल वस्अ़ सह्ल उस्लूब में पेश करना है। तमाम इस्लामी भाई और इस्लामी बहनें इस इ़ल्मी, तह़क़ीक़ी और इशाअ़ती म-दनी काम में हर मुम्किन तआ़वुन फ़रमाएं और मजलिस की त़रफ़ से शाएअ़ होने वाली कुतुब का ख़ुद भी मुत़ा-लआ़ फ़रमाएं और दूसरों को भी इस की तरग़ीब दिलाएं।

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ "**दा'वते इस्लामी**" की तमाम मजालिस ब शुमूल "**अल मदीनतुल इल्मिय्या**" को दिन

ग्यारहवीं और रात बारहवीं तरक़्क़ी अ़ता फ़रमाए और हमारे हर अ़-मले ख़ैर को ज़ेवरे इख़्लास से आरास्ता फ़रमा कर दोनों जहां की भलाई का सबब बनाए। हमें ज़ेरे गुम्बदे ख़ज़रा शहादत, जन्नतुल बक़ीअ़ में मदफ़न और जन्नतुल फ़िरदौस में जगह नसीब फ़रमाए।

اٰمِین بِجاہِ النَّبِیِّ الْاَمین صلَّی اللہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلَّم

र-मज़ानुल मुबारक 1425 हि.

रसूले अकरम, शहन्शाहे मुअ़ज़्ज़म صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَسَلَّم का फ़रमाने अ़-ज़मत निशान है : बेशक **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने मेरे लिये दुन्या को उठा कर इस त़रह़ मेरे सामने पेश फ़रमा दिया कि मैं तमाम दुन्या को और इस में क़ियामत तक जो कुछ भी होने वाला है उन सब को इस त़रह़ देख रहा हूं जिस त़रह़ मैं अपनी हथेली को देख रहा हूं।

(حلیۃ الاولیاء،حدیر بن کریب،الحدیث:۷۹۷۹،ج۶،ص۱۰۷)

اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ وَالصَّلٰوۃُ وَالسَّلَامُ عَلٰی سَیِّدِ الْمُرْسَلِیْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰہِ مِنَ الشَّیْطٰنِ الرَّجِیْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰہِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ ؕ

पेश लफ़्ज़

आ'ला ह़ज़रत, इमामे अहले सुन्नत, मुजद्दिदे दीनो मिल्लत, मौलाना इमाम अह़मद रज़ा ख़ान عَلَیْہِ رَحْمَۃُ الرَّحْمٰن की ज़ाते बा ब–रकात को **अल्लाह** عَزَّ وَجَلَّ ने बे अन्दाज़ा उ़लूमे जलीला और अन गिनत सिफ़ाते ह़मीदा से नवाज़ा, आप رَحْمَۃُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ ने मुख़्तलिफ़ मौज़ूआ़त पर कमो बेश एक हज़ार कुतुब तस्नीफ़ फ़रमाईं जिन से आप की फ़क़ाहत और तबह़्हुरे इ़ल्मी का अन्दाज़ा लगाना मुश्किल नहीं, जिस फ़न और जिस मौज़ूअ़ पर लिखा तह़क़ीक़ व तदक़ीक़ के दरिया बहाए। अगर फ़न्ने शाइ़री की बात की जाए तो इस में भी आप कमाले महारत रखते थे, शरीअ़त व अदब के दाएरे में रह कर और इ़श्क़ो मस्ती में डूब कर ना'त गोई आप ही का तु़र्रए इम्तियाज़ है बड़े बड़े नामवर शु–अ़रा इस मैदान में लग़्ज़िशें खा गए, शरीअ़त की पासदारी और बारगाहे रिसालत का अदब न कर सके लेकिन आ'ला ह़ज़रत رَحْمَۃُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ का कलाम सरासर अदब और पासदारिये शर–अ़ का नमूना है चुनान्चे आप अपने ना'तिया दीवान "**ह़दाइक़े बख़्शिश**" में फ़रमाते हैं :

जो कहे शे'रो पासे शर–अ़ दोनों का ह़ुस्न क्यूंकर आए
ला उसे पेशे जल्वए ज़म्ज़मए रज़ा कि यूं

एक जगह यूं फ़रमाते हैं :

हूं अपने कलाम से निहायत महज़ूज़ बीजा से है اَلْمِنَّةُ لِلّٰه महफ़ूज़
कुरआन से मैं ने ना'त गोई सीखी या'नी रहे अहकामे शरीअत मल्हूज़

मल्फ़ूज़ात शरीफ़ में है कि आप رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं : "हक़ीक़तन ना'त शरीफ़ लिखना निहायत मुश्किल है जिस को लोग आसान समझते हैं, इस में तलवार की धार पर चलना है, अगर बढ़ता है तो उलूहिय्यत में पहुंचा जाता है और कमी करता है तो तन्क़ीस (या'नी शान में कमी व गुस्ताख़ी) होती है, अलबत्ता "ह़म्द" आसान है कि इस में रास्ता साफ़ है जितना चाहे बढ़ सकता है। ग़रज़ "ह़म्द" में एक जानिब अस्लन ह़द नहीं और "ना'त शरीफ़" में दोनों जानिब सख़्त ह़द बन्दी है।"

(मल्फ़ूज़ाते आ'ला ह़ज़रत, स. 227, मक-त-बतुल मदीना)

मा'लूम हुवा ना'त गोई हर एक के बस की बात नहीं और येह भी समझ लेना चाहिये कि हर किसी का कलाम उठा कर पढ़ लेना भी दुरुस्त नहीं जब तक कि येह यक़ीन न हो कि येह कलाम शर-ई ग़-लती से पाक है लिहाज़ा हो सके तो उ़-लमा व बुज़ुर्गों का ही कलाम पढ़ा जाए कि इसी में आ़फ़िय्यत है, इस ज़िम्न में शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी ह़ज़रत अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल मुह़म्मद इल्यास अ़त्त़ार क़ादिरी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه ने एक मौक़अ़ पर ना'त ख़्वां इस्लामी भाइयों को म-दनी फूल अ़ता फ़रमाते हुए इर्शाद फ़रमाया : "उर्दू

कलाम सुनने के लिये मश्वरतन "ना'ते रसूल" के सात हुरूफ़ की निस्बत से सात अस्माए गिरामी ह़ाज़िर हैं ﴾1﴿ इमामे अहले सुन्नत, मौलाना शाह इमाम अह़मद रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن (ह़दाइक़े बख़्शिश) ﴾2﴿ उस्ताज़े ज़मन ह़ज़रत मौलाना ह़सन रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْمَنَّان (ज़ौक़े ना'त) ﴾3﴿ ख़लीफ़ए आ'ला ह़ज़रत मद्दाहुल ह़बीब ह़ज़रत मौलाना जमीलुर्रह़मान र-ज़वी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِی (क़बालए बख़्शिश) ﴾4﴿ शहज़ादए आ'ला ह़ज़रत, ताजदारे अहले सुन्नत हुज़ूर मुफ़्तिये आ'ज़मे हिन्द मौलाना मुस्त़फ़ा रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْحَنَّان (सामाने बख़्शिश) ﴾5﴿ शहज़ादए आ'ला ह़ज़रत, हुज्जतुल इस्लाम ह़ज़रते मौलाना ह़ामिद रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْمَنَّان (बयाज़े पाक) ﴾6﴿ ख़लीफ़ए आ'ला ह़ज़रत सदरुल अफ़ाज़िल ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना सय्यिद मुह़म्मद नईमुद्दीन मुरादआबादी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْهَادِی (रियाज़ुन्नईम) ﴾7﴿ मुफ़स्सिरे शहीर ह़कीमुल उम्मत ह़ज़रते मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْمَنَّان (दीवाने सालिक)।" **अल्लाह** عَزَّ وَجَلَّ हमें बुज़ुर्गाने दीन के फ़ुयूज़ात से मुस्तफ़ीज़ फ़रमाए। आमीन

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ عَزَّوَجَلَّ तब्लीग़े क़ुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक दा'वते इस्लामी की मर्कज़ी मजलिसे शूरा के रुक्न और पाकिस्तान इन्तिज़ामी काबीना के निगरान साह़िब के हुक्म पर लब्बैक कहते हुए, मजलिसे "**अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या**" इमामे इ़श्क़ो मह़ब्बत का चाशिनये इ़श्क़ से तर-बतर कलाम "**ह़दाइक़े बख़्शिश**" दौरे जदीद के तक़ाज़ों को मद्दे

नज़र रखते हुए बेहतर अन्दाज़ में शाएअ करने की सआदत हासिल कर रही है । इस से क़ब्ल सय्यिदी आ'ला हज़रत رَحْمَةُاللهِ تعَالٰی عَلَیْه के तर-ज-मए कुरआन "**कन्ज़ुल ईमान**" और "**जद्दुल मुमतार**" समेत पच्चीस[25] कुतुब शाएअ की जा चुकी हैं । ذٰلِکَ فَضْلُ اللّٰهِ

۞ **हदाइके बख़्शिश** पर काम के लिये दर्जे ज़ैल चार नुस्खे सामने रखे गए : ﴾1﴿ मक्तबए हामिदिय्या, गन्ज बख़्श रोड, मर्कज़ुल औलिया लाहोर ﴾2﴿ मदीना पब्लीशिंग कम्पनी, मेक्लोड रोड, बाबुल मदीना कराची ﴾3﴿ नाज़िर प्रिन्टिंग प्रेस, बाबुल मदीना कराची से तब्अ शुदा नुस्खा जो मौलाना मुफ़्ती ज़फ़र अली नो'मानी رَحْمَةُاللهِ تعَالٰی عَلَیْه के ज़ेरे एहतिमाम 1369 हि. में शाएअ हुवा और मौलाना अब्दुल मुस्तफ़ा अल अज़्हरी رَحْمَةُاللهِ تعَالٰی عَلَیْه ने इस की तस्हीह फ़रमाई और ﴾4﴿ रज़ा एकेडमी बम्बई (मत्बूआ 1418 हि.), जिस के बारे में (सफ़हा 63 पर) मुसह्हिह ने "इख़्तितामिया" के तहत लिखा है : "ज़ेरे नज़र **हदाइके बख़्शिश** हिस्सए अव्वल तब्ए अव्वल की तरकीब के मुताबिक़ है जो हज़रते सदरुश्शरीअह عَلَیْهِ الرَّحْمَة के ज़ेरे एहतिमाम हज़रत इमाम अहमद रज़ा رَحْمَةُاللهِ تعَالٰی عَلَیْه की हयाते मुक़द्दसा में इशाअत पज़ीर हुई और हिस्सए दुवुम मौलाना ह-सनैन रज़ा عَلَیْهِ الرَّحْمَة के मुरत्तबा नुस्खे के मुताबिक़ है ।" ۞ कम्पयूटर कम्पोज़िंग का तक़ाबुल रज़ा एकेडमी वाले नुस्खे से किया गया है और हत्तल मक्दूर एहतियात बरती गई कि रस्मुल ख़त में भी

मुता-बक़त हो, दौराने तक़ाबुल जिन मक़ामात पर बयाज़ पाई वहां **हदाइके बख़्शिश** के दीगर (मज़्कूर) नुस्ख़ों से देख कर अल्फ़ाज़ लिखे हैं और हवाशी में वज़ाहत कर दी गई है। ۞ कलाम "का'बे के बदरुद्दुजा" में येह शे'र

इक तरफ़ आ'दाए दीं एक तरफ़ हासिदीं

बन्दा है तन्हा शहा तुम पे करोड़ों दुरूद

मक्तबए हामिदिय्या लाहोर और मदीना पब्लीशिंग कम्पनी कराची के हवाले से शामिल किया गया है नीज़ इन नुस्ख़ों में जो हवाशी ज़ाइद थे वोह भी शामिल कर के हाशिये में उन का हवाला लिख दिया है। ۞ जा बजा अल्फ़ाज़ पर ए'राब का एहतिमाम किया गया है जो कि **काफ़ी वक़्त और मेहनत तलब काम था** इस सिल्सिले में उर्दू व फ़ारसी के क़दीम अल्फ़ाज़ के लिये मुख़्तलिफ़ लुग़ात की तरफ़ मुरा-ज-अत की गई। ۞ हर कलाम की इब्तिदा नए सफ़्हे से की गई है और कलाम के पहले मिस्रए को हेडिंग के तौर पर लिखा गया है।

अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ की बारगाह में इस्तिदआ है कि इस किताब को पेश करने में उ-लमाए किराम دَامَتْ فُیُوْضُهُم ने जो मेहनत व कोशिश की उसे क़बूल फ़रमा कर इन्हें बेहतरीन जज़ा दे और इन के इल्म व अमल में ब-र-कतें अता फ़रमाए और दा'वते इस्लामी की मजलिस "**अल मदीनतुल इल्मिय्या**" और दीगर मजालिस को दिन ग्यारहवीं रात बारहवीं तरक़्क़ी अता फ़रमाए।

اٰمِین بِجَاہِ النَّبِیِّ الْاَمِین صَلَّی اللہ تعالٰی علیہ والہٖ وسلَّم

फ़ेहरिस्त (हिस्सए अव्वल)

फ़ेहरिस्त (हिस्सए दुवुम)

हदाइक़े बख़्शिश

1325 हि.

हिस्सए अव्वल

ज़रीअए क़ादिरिय्या

1305 सि.हि.

اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ وَ الصَّلٰوۃُ وَ السَّلَامُ عَلٰی
سَیِّدِ الْعٰلَمِیْنَ وَ اٰلِہٖ وَ ابْنِہٖ وَ حِزْبِہٖ اَجْمَعِیْنَ

वस्ले अव्वल दर ना'ते अकरम हुज़ूर सय्यिदे आ़लम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم

بِسْمِ اللّٰہِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْم

वाह क्या जूदो करम है शहे बत़्हा तेरा
नहीं सुनता ही नहीं मांगने वाला तेरा

धारे चलते हैं अ़त़ा के वोह है क़त़रा तेरा
तारे खिलते हैं सख़ा के वोह है ज़र्रा तेरा

फ़ैज़ है या शहे तस्नीम निराला तेरा
आप प्यासों के तजस्सुस में है दरिया तेरा

अग़्निया पलते हैं दर से वोह है बाड़ा तेरा
अस्फ़िया चलते हैं सर से वोह है रस्ता तेरा

फ़र्श वाले तेरी शौकत का उ़लू क्या जानें
ख़ुसरवा अ़र्श पे उड़ता है फरेरा तेरा

आस्मां ख़्वान, ज़मीं ख़्वान, ज़माना मेहमान
साह़िबे ख़ाना लक़ब किस का है तेरा तेरा

मैं तो मालिक ही कहूंगा कि हो मालिक के ह़बीब
या'नी महबूबो मुह़िब में नहीं मेरा तेरा

तेरे क़दमों में जो हैं ग़ैर का मुंह क्या देखें
कौन नज़रों पे चढ़े देख के तल्वा तेरा

बह़्रे साइल का हूं साइल न कुंएं का प्यासा
ख़ुद बुझा जाए कलेजा मेरा छींटा तेरा

चोर ह़ाकिम से छुपा करते हैं यां इस के ख़िलाफ़
तेरे दामन में छुपे चोर अनोखा तेरा

आंखें ठन्डी हों जिगर ताज़े हों जानें सैराब
सच्चे सूरज वोह दिलआरा है उजाला तेरा

दिल अ़बस ख़ौफ़ से पत्ता सा उड़ा जाता है
पल्ला हलका सही भारी है भरोसा तेरा

एक मैं क्या मेरे इ़स्यां की ह़क़ीक़त कितनी
मुझ से सो लाख को काफ़ी है इशारा तेरा

मुफ़्त पाला था कभी काम की आ़दत न पड़ी
अब अ़मल पूछते हैं हाए निकम्मा तेरा

तेरे टुकड़ों से पले ग़ैर की ठोकर पे न डाल
झिड़कियां खाएं कहां छोड़ के सदक़ा तेरा

ख़्वारो बीमारो ख़त़ावारो गुनहगार हूं मैं
राफ़ेओ़ नाफ़ेओ़ शाफ़ेअ़ लक़ब आक़ा तेरा

मेरी तक़्दीर बुरी हो तो भली कर दे कि है
मह़्वो इस्बात के दफ़्तर पे कड़ोड़ा तेरा

तू जो चाहे तो अभी मैल मेरे दिल के धुलें
कि ख़ुदा दिल नहीं करता कभी मैला तेरा

किस का मुंह तकिये कहां जाइये किस से कहिये
तेरे ही क़दमों पे मिट जाए येह पाला तेरा

तूने इस्लाम दिया तूने जमाअ़त में लिया
तू करीम अब कोई फिरता है अ़तिय्या तेरा

मौत सुनता हूं सितम तल्ख़ है ज़हराबए नाब
कौन ला दे मुझे तल्वों का ग़साला तेरा

दूर क्या जानिये बदकार पे कैसी गुज़रे
तेरे ही दर पे मरे बे-कसो तन्हा तेरा

तेरे सदके़ मुझे इक बूंद बहुत है तेरी
जिस दिन अच्छों को मिले जाम छलक्ता तेरा

ह़-रमो त़यबा व बग़दाद जिधर कीजे निगाह
जोत पड़ती है तेरी नूर है छनता तेरा

तेरी सरकार में लाता है रज़ा उस को शफ़ीअ़
जो मेरा ग़ौस है और लाडला बेटा तेरा

वस्ले दुवुम दर मन्क़बत आक़ाए अकरम हुज़ूर ग़ौसे आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ

वाह क्या मर्तबा ऐ ग़ौस है बाला तेरा
ऊंचे ऊंचों के सरों से क़दम आ'ला तेरा

सर भला क्या कोई जाने कि है कैसा तेरा
औलिया मलते हैं आंखें वोह है तल्वा तेरा

क्या दबे जिस पे हिमायत का हो पन्जा तेरा
शेर को ख़तरे में लाता नहीं कुत्ता तेरा

तू हुसैनी ह-सनी क्यूं न मुहिय्युद्दीं हो
ऐ ख़िज़र मज्मए बहरैन है चश्मा तेरा

क़समें[1] दे दे के खिलाता है पिलाता है तुझे
प्यारा अल्लाह तेरा चाहने वाला तेरा

मुस्तफ़ा के तने बे साया का साया देखा
जिस ने देखा मेरी जां जल्वए ज़ैबा तेरा

---

[1]: سیّدنا رضی اللہ تعالیٰ عنہ فرمودکہ مراحی فرمایند: یَا عَبْدَ الْقَادِرِ بِحَقِّیْ عَلَیْکَ کُلْ وَ بِحَقِّیْ عَلَیْکَ اِشْرَبْ۔ الخ۔۱۲ منہ

इब्ने ज़हरा को मुबारक हो अ़रूसे क़ुदरत
क़ादिरी पाएं तसद्दुक़ मेरे दूल्हा तेरा

क्यूं न क़ासिम हो कि तू इब्ने अबिल क़ासिम है
क्यूं न क़ादिर हो कि मुख़्तार है बाबा तेरा

न-बवी मींह अ़-लवी फ़स्ल बतूली गुलशन
ह़-सनी फूल हुसैनी है महक्ना तेरा

न-बवी ज़िल अ़-लवी बुर्ज बतूली मन्ज़िल
ह़-सनी चांद हुसैनी है उजाला तेरा

न-बवी ख़ुर अ़-लवी कोह बतूली मा'दिन
ह़-सनी ला'ल हुसैनी है तजल्ला तेरा

बह्रो बर[1] शहरो क़ुरा सहलो हुज़ुन दश्तो चमन
कौन से चक पे पहुंचता नहीं दा'वा तेरा

हुस्ने निय्यत हो ख़त़ा फिर कभी करता ही नहीं
आज़्माया है यगाना है दोगाना तेरा

---

[1]: حضرتِ شیخ مُحیُّ الدّین عبدالقادر رَضِیَ اللّٰہُ تعالٰی عَنْہُ دَر اَوائلِ عمر اَصحاب را می فَرمود کہ اولیاءِ عراق مَرا تسلیم کردہ اَند، بعد از مُدَّتے فَرمود کہ ایں زمانِ جمیع زمینِ شرق و غرب وبَر وبَحر وسَہل وجَبل مَرا تسلیم کردہ اَند، وہیچ ولی از اَولیاء نماند دران وقت مگر آں کہ بَر شیخ آمد وتسلیم کَرد اُورا بہ قُطبِیَّت۔۱۲ تحفہ قادریہ۔

अ़र्ज़े अह़वाल की प्यासों में कहां ताब मगर
आंखें ऐ अब्रे करम तक्ती हैं रस्ता तेरा

मौत नज़्दीक गुनाहों की तहें मैल के ख़ौल
आ बरस जा कि नहा धो ले येह प्यासा तेरा

आब आमद वोह कहे और मैं तयम्मुम बरख़ास्त
मुश्ते ख़ाक अपनी हो और नूर का अहला तेरा

जान तो जाते ही जाएगी क़ियामत येह है
कि यहां मरने पे ठहरा है नज़ारा तेरा

तुझ से दर, दर से सग और सग से है मुझ को निस्बत
मेरी गरदन में भी है दूर का डोरा तेरा

इस निशानी के जो सग हैं नहीं मारे जाते
ह़श्र तक मेरे गले में रहे पट्टा तेरा

मेरी क़िस्मत की क़सम खाएं सगाने बग़दाद
हिन्द में भी हूं तो देता रहूं पहरा तेरा

तेरी इ़ज़्ज़त के निसार ऐ मेरे ग़ैरत वाले
आह सद आह कि यूं ख़्वार हो बिरवा तेरा

बद सही, चोर सही, मुजरिमो नाकारा सही
ऐ वोह कैसा ही सही है तो करीमा तेरा

मुझ को रुस्वा भी अगर कोई कहेगा तो यूंही
कि वोही ना, वोह रज़ा बन्दए रुस्वा तेरा

हैं रज़ा यूं न बिलक तू नहीं जय्यिद[1] तो न हो
सय्यिदे जय्यिदे हर दह्र है मौला तेरा

फ़ख़्रे आक़ा में रज़ा और भी इक नज़्मे रफ़ीअ़
चल लिखा लाएं सना ख़्वानों में चेहरा तेरा

ख़ाके मदीना

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم :
''غُبَارُ الْمَدِیْنَةِ شِفَاءٌ مِّنَ الْجُذَامِ.'' या'नी मदीनए मुनव्वरह की ख़ाके पाक जुज़ाम के लिये शिफ़ा है।

(الجامع الصغیر للسیوطی، الحدیث:۵۷۵۳، ص۳۵۵، دار الکتب العلمیة بیروت)

۱: اشارہ بقولِ او رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ "وَاِنْ لَّمْ یَکُنْ مُرِیْدِیْ جَیِّدًا فَاَنَا جَیِّدٌ" ۔۱۲

वस्ले सिवुम दर हुस्ने मुफ़ा-ख़रत अज़ सरकारे क़ादिरिय्यत رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ

तू है वोह ग़ौस कि हर ग़ौस है शैदा तेरा
तू है वोह ग़ैस कि हर ग़ैस है प्यासा तेरा

सूरज[1] अगलों के चमक्ते थे चमक कर डूबे
उफ़ुके़ नूर पे है मेह्र हमेशा तेरा

मुर्ग़[2] सब बोलते हैं बोल के चुप रहते हैं
हां असील एक नवासन्ज रहेगा तेरा

जो[3] वली क़ब्ल थे या बा'द हुए या होंगे
सब अदब रखते हैं दिल में मेरे आक़ा तेरा

۱: ترجمہ آنچہ فرمود رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ: شعر "اَفَلَتْ شُمُوْسُ الْاَوَّلِیْنَ وَشَمْسُنَا اَبَدًا عَلٰی اُفُقِ الْعُلٰی لَا تَغْرُبُ" ۔۱۲

۲: ترجمہ آنچہ سیّدی تاج العارفین ابو الوفا قُدِّسَ سِرُّہٗ سیدُنا رَضِیَ اللّٰہ تَعَالٰی عَنْہ گُفت: "کُلُّ دِیْكٍ یَصِیْحُ وَ یَسْكُتُ اِلَّا دِیْكُكَ فَاِنَّهٗ یَصِیْحُ اِلٰی یَوْمِ الْقِیٰمَةِ" ہر خُروس بانگ کُند و خاموش شَوَد جز خُروسِ شُما کہ تا قیامت در بانگ است ۔۱۲

۳: ترجمہ ارشادِ حضرت خضر عَلَیْہِ السَّلام: "مَا اتَّخَذَ اللّٰهُ وَلِیًّا كَانَ اَوْ یَكُوْنُ اِلَّا وَهُوَ مُتَاَدِّبٌ مَعَهٗ اِلٰی یَوْمِ الْقِیٰمَةِ۔"

ब क़सम कहते हैं शाहाने सरीफ़ैनो[1] ह़रीम
कि हुवा है न वली हो कोई हम्ता तेरा

तुझ[2] से और दह्‌र के अक़्त़ाब से निस्बत कैसी
क़ुत़्ब ख़ुद कौन है ख़ादिम तेरा चेला तेरा

सारे अक़्त़ाबे जहां करते हैं का'बे का त़वाफ़
का'बा करता है त़वाफ़े दरे वाला तेरा

और परवाने हैं जो होते हैं का'बे पे निसार
शम्अ़ इक तू है कि परवाना है का'बा तेरा

श-जरे सर्वे सही किस के उगाए तेरे
मा'रिफ़त फूल सही किस का खिलाया तेरा

۱: یعنی حضرت ابوعَمر وعثمان صریفینی وابومحمد عبدالحق حریمی کہ ہر دواز اولیاءِ معاصرینِ حضور سیّدنا بودہ اند رَضِیَ اللہ تعَالٰی عَنْہُ وَعَنْھُمْ ۔۱۲

۲: ردِ آں بے خرد آنکہ ہمہ اقطاب را با سیّدنا رَضِیَ اللّٰہ تعَالٰی عَنْہُ مساوی المرتبہ دانند، وایں دو شعر ترجمہ آں اشعار است کہ از حضور سیّدنا رَضِیَ اللّٰہُ تعَالٰی عَنْہُ نقل می کنند کما ذکرنا فی المجیر المعظم. واللہ تعالیٰ اعلم۔۱۲

तू है नौशाह बराती है येह सारा गुलज़ार
लाई है फ़स्ले समन गूंध के सेहरा तेरा

डालियां झूमती हैं रक़्से ख़ुशी जोश पे है
बुलबुलें झूलती हैं गाती हैं सेहरा तेरा

गीत कलियों की चटक ग़ज़लें हज़ारों की चहक
बाग़ के साज़ों में बजता है तराना तेरा

सफ़े हर शजरा में होती है सलामी तेरी
शाख़ें झुक झुक के बजा लाती हैं मुजरा तेरा

किस गुलिस्तां को नहीं फ़स्ले बहारी से नियाज़
कौन से सिल्सिले में फ़ैज़ न आया तेरा

नहीं किस चांद की मन्ज़िल में तेरा जल्वए नूर
नहीं किस आईने के घर में उजाला तेरा

राज किस शह्र में करते नहीं तेरे ख़ुद्दाम
बाज किस नह्र से लेता नहीं दरिया तेरा

मज़्रए चिश्तो बुख़ारा[1] व इराक़ो[2] अजमेर
कौन सी किश्त पे बरसा नहीं झाला तेरा

और महबूब[3] हैं, हां पर सभी यक्सां तो नहीं
यूं तो महबूब है हर चाहने वाला तेरा

उस को सो फ़र्द सरापा ब फ़रागत ओढ़ें
तंग हो कर जो उतरने को हो नीमा तेरा

गरदनें झुक गईं सर बिछ गए दिल लौट गए
कश्फ़े[4] साक़ आज कहां येह तो क़दम था तेरा

۱: حضرت خواجہ بہاء الحق والدّین نقشبند قدس سرہ العزیز بخاری است۔۱۲

۲: حضرت شیخ الشیوخ سہروردی قدس سرہ از اولیاءِ عراق است سیّدنا رَضِیَ اللّٰہُ تعالٰی عَنْہُ اورا فرمود: "اَنْتَ اٰخِرُ الْمَشْھُوْرِیْن بِالْعِرَاق"۔۱۲

۳: رِدِ جاہلانیکہ ہمہ محبوباں را ہمسرِ حضرت سیّدنا رَضِیَ اللّٰہُ تعالٰی عَنْہُ دانند۔

۴: یقول کانھم لکمال الدھش ذھبت اذھا نھم اِلی قولہٖ تعالٰی: "یَوم یکشف عنَ سَاقٍ" مَع انّہ لم یَکنْ اِلّاجلوۃ العبد لا تجلی المعبود کما تسجد اھل الجنۃ حین یَرون نور رداء عثمان رَضِیَ اللّٰہ تعالٰی عَنْہ عند تحولہ من بیت الی بیت زعمًا منھم انہ قد تجلی لھم ربھم تبارك و تعالٰی کما ورد فی الحدیث۔۱۲

ताजे फ़र्क़े उ़-रफ़ा किस के क़दम को कहिये !
सर जिसे बाज दें वोह पाउं है किस का तेरा

सुक्र के जोश में जो हैं वोह तुझे क्या जानें
ख़िज़्र के होश से पूछे कोई रुत्बा तेरा

आदमी अपने ही अह़्वाल पे करता है क़ियास
नशे वालों ने भला सुक्र निकाला तेरा

वोह तो छूटा ही कहां चाहें कि हैं ज़ेरे ह़ज़ीज़
और हर औज से ऊंचा है सितारा तेरा

दिले आ'दा को रज़ा तेज़ नमक की धुन है
इक ज़रा और छिड़क्ता रहे ख़ामा तेरा

वस्ले चहारुम दर मुना-फ़-ह़ते आ'दा व इस्तिआ़नत अज़ आक़ा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ

अल अमां क़ह्र है ऐ ग़ौस वोह तीखा तेरा
मर के भी चैन से सोता नहीं मारा तेरा

बादलों से कहीं रुकती है कड़क्ती बिजली
ढालें छंट जाती हैं उठता है जो तेग़ा तेरा

अ़क्स का देख के मुंह और बिफर जाता है
चार आईना के बल का नहीं नेज़ा तेरा

कोह सरमुख हो तो इक वार में दो परकाले
हाथ पड़ता ही नहीं भूल के ओछा तेरा

इस पे येह क़ह्र कि अब चन्द मुख़ालिफ़ तेरे
चाहते हैं कि घटा दें कहीं पाया तेरा

अ़क़्ल होती तो ख़ुदा से न लड़ाई लेते
येह घटाएं उसे मन्ज़ूर बढ़ाना तेरा

وَرَفَعۡنَا لَكَ ذِكۡرَكَ का है साया तुझ पर
बोलबाला है तेरा ज़िक्र है ऊंचा तेरा

मिट गए मिटते हैं मिट जाएंगे आ'दा तेरे
न मिटा है न मिटेगा कभी चरचा तेरा

तू घटाए से किसी के न घटा है न घटे
जब बढ़ाए तुझे अल्लाह तआ़ला तेरा

सुम्मे[1] क़ातिल है ख़ुदा की क़सम उन का इन्कार
मुन्किरे फ़ज़्ले हुज़ूर आह येह लिख्खा तेरा

मेरे[2] सय्याफ़ के ख़न्जर से तुझे बाक नहीं
चीर कर देखे कोई आह कलेजा तेरा

इब्ने ज़हरा से तेरे दिल में हैं येह ज़ह्र भरे
बल बे ओ मुन्किरे बेबाक येह ज़हरा तेरा

बाज़े अश्हब की गुलामी से येह आंखें फिरनी
देख उड़ जाएगा ईमान का तोता तेरा

---

۱ : قَالَ مَولانا وسَیِّدُنَا رَضِیَ اللّٰہُ تعَالٰی عَنْہ "تَکْذِیْبُکُمْ لِیْ سُمٌّ قَاتِلٌ لِاَدْیَانِکُمْ وَسَبَبٌ لِذِھَابِ دُنْیَاکُمْ وَاُخْرَاکُمْ"۔۱۲

۲ : قَالَ سَیِّدُنَا رَضِیَ اللّٰہُ تعَالٰی عَنْہ "اَنَا سَیَّافٌ اَنَا قَتَّالٌ اَنَا سَلَّابُ الاَحْوَالِ"۔۱۲

शाख़ पर बैठ के जड़ काटने की फ़िक्र में है
कहीं नीचा न दिखाए तुझे शजरा तेरा

ह़क़ से बद हो के ज़माने का भला बनता है
अरे मैं ख़ूब समझता हूं मुअ़म्मा तेरा

सगे[1] दर क़ह्र से देखे तो बिखरता है अभी
बन्द बन्दे बदन ऐ रू-बहे दुन्या तेरा

ग़रज़ आक़ा से करूं अ़र्ज़ कि तेरी है पनाह
बन्दा मजबूर है ख़ात़िर[2] पे है क़ब्ज़ा तेरा

हुक्म नाफ़िज़ है तेरा ख़ामा तेरा सैफ़ तेरी
दम में जो चाहे करे दौर है शाहा तेरा

जिस को ललकार दे आता हो तो उलटा फिर जाए
जिस को चुमकार ले हिर फिर के वोह तेरा तेरा

۱: اشارہ بقصہ صنعائی۔۱۲

۲: ثبوتِ روشن ایں معنی در رسالہ مصنف فقہ شہنشاہ "وَاَنَّ الْقُلُوْبَ بِیَدِ الْمَحْبُوْبِ بِعَطَاءِ اللّٰہ"۔ مطبوعہ "مطبع اہل سنت وجماعت بریلی" باید دید۔

कुन्जियां दिल की ख़ुदा ने तुझे दीं ऐसी कर
कि येह सीना हो महब्बत का ख़ज़ीना तेरा

दिल पे कन्दा हो तेरा नाम कि वोह दुज़्दे रजीम
उलटे ही पाउं फिरे देख के तुग़रा तेरा

नज़्अ में, गोर में, मीज़ां पे, सरे पुल पे कहीं
न छुटे हाथ से दामाने मुअल्ला तेरा

धूप महशर की वोह जां-सोज़ क़ियामत है मगर
मुत्मइन हूं कि मेरे सर पे है पल्ला तेरा

बह्जत उस सिर की है जो "**बह्जतुल असरार**" में है
कि फ़लक[1]-वार मुरीदों पे है साया तेरा

ऐ रज़ा चीस्त ग़म अर जुम्ला जहां दुशमने तुस्त
कर्दा अम मा मने ख़ुद क़िब्लए हाजाते रा

ﻟ: "اِنَّ یَدِیْ عَلٰی مُرِیْدِیْ کَالسَّمَاءِ عَلَی الْاَرْضِ" قَالَ سَیِّدُنَا رَضِیَ اللہ تَعَالٰی عَنْہ ۱۲

हम ख़ाक हैं और ख़ाक ही मावा है हमारा

हम[1] ख़ाक हैं और ख़ाक ही मावा है हमारा
ख़ाकी तो वोह आदम जदे आ'ला है हमारा

अल्लाह हमें ख़ाक करे अपनी त़लब में
येह ख़ाक तो सरकार से तमग़ा है हमारा

जिस ख़ाक पे रखते थे क़दम सय्यिदे आ़लम
उस ख़ाक पे कुरबां दिले शैदा है हमारा

ख़म हो गई पुश्ते फ़लक इस त़ा'ने ज़मीं से
सुन हम पे मदीना है वोह रुत्बा है हमारा

उस ने ल-क़बे ख़ाक शहन्शाह से पाया
जो हैदरे कर्रार कि मौला है हमारा

---

1 : دَر ردِّ مبتدعی کہ بعض علمائے کرام را نسبت بہ پیرِ خود گفتہ بُود۔ چہ نسبت خاک را باعالمِ پاک ۱۲۔

ऐ मुद्दइयो ! ख़ाक को तुम ख़ाक न समझे
इस ख़ाक में मदफ़ूं शहे बत़्ह़ा है हमारा

है ख़ाक से ता'मीर मज़ारे शहे कौनैन
मा'मूर इसी ख़ाक से क़िब्ला है हमारा

हम ख़ाक उड़ाएंगे जो वोह ख़ाक न पाई
आबाद रज़ा जिस पे मदीना है हमारा

❁❁❁❁❁

ह़ज़रते अबू इब्राहीम तजीबी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْغَنِی का फ़रमान है : "हर मोमिन पर वाजिब है कि जब वोह रह़मते आ़लम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का ज़िक्र करे या उस के सामने आप का ज़िक्र किया जाए तो वोह पुर सुकून हो कर नियाज़ मन्दी व आ़जिज़ी का इज़्हार करे और अपने क़ल्ब में आप की अ़-ज़मत और हैबतो जलाल का ऐसा ही तसव्वुर पैदा करे जैसा कि आप صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के रू बरू ह़ाज़िर होने की सूरत में आप के जलालो हैबत से मु-तअस्सिर होता।"

(الشفاء، ج۲،ص۳۲)

ग़म हो गए बे शुमार आक़ा

ग़म हो गए बे शुमार आक़ा
बन्दा तेरे निसार आक़ा

बिगड़ा जाता है खेल मेरा
आक़ा आक़ा संवार आक़ा

मंजधार पे आ के नाव टूटी
दे हाथ कि हूं मैं पार आक़ा

टूटी जाती है पीठ मेरी
लिल्लाह येह बोझ उतार आक़ा

हलका है अगर हमारा पल्ला
भारी है तेरा वक़ार आक़ा

मजबूर हैं हम तो फ़िक्र क्या है
तुम को तो है इख़्तियार आक़ा

मैं दूर हूं तुम तो हो मेरे पास
सुन लो मेरी पुकार आक़ा

मुझ सा कोई ग़मज़दा न होगा
तुम सा नहीं ग़म गुसार आक़ा

गिर्दाब में पड़ गई है कश्ती
डूबा डूबा, उतार आक़ा

तुम वोह कि करम को नाज़ तुम से
मैं वोह कि बदी को आ़र आक़ा

फिर मुंह न पड़े कभी ख़ज़ां का
दे दे ऐसी बहार आक़ा

जिस की मरज़ी ख़ुदा न टाले
मेरा है वोह नामदार आक़ा

है मुल्के ख़ुदा पे जिस का क़ब्ज़ा
मेरा है वोह कामगार आक़ा

सोया किये ना-बकार बन्दे
रोया किये ज़ार ज़ार आक़ा

क्या भूल है इन के होते कहलाएं
दुन्या के येह ताजदार आक़ा

उन के अदना गदा पे मिट जाएं
ऐसे ऐसे हज़ार आक़ा

बे अब्रे करम के मेरे धब्बे
لَا تَغْسِلُهَا[1] الْبِحَار आक़ा

इतनी रह़मत रज़ा पे कर लो
لَا يَقْرُبُهُ[2] الْبَوَار आक़ा

ह़ज़रते अ़ब्दुल्लाह बिन उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا हुज़ूर صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم के मिम्बर शरीफ़ पर जिस जगह आप बैठते थे ख़ास उस जगह पर अपना हाथ फिरा कर अपने चेहरे पर मस्ह़ किया करते थे।
(الشفاء بتعریف حقوق المصطفی، فصل ومن اعظامه واکباره...الخ، ج۲، ص ۵۷)

1 : तरजमा : इन्हें समुन्दर न धोएं। 12
2 : हलाकत इस के पास न आए। 12

मुहम्मद मज़्हरे कामिल है हक़ की शाने इज़्ज़त का

मुहम्मद मज़्हरे कामिल है हक़ की शाने इज़्ज़त का
नज़र आता है इस कसरत में कुछ अन्दाज़ वहूदत का

येही है अस्ले आलम माद्दए ईजादे ख़ल्क़त का
यहां वहूदत में बरपा है अजब हंगामा कसरत का

गदा भी मुन्तज़िर है ख़ुल्द में नेकों की दा'वत का
ख़ुदा दिन ख़ैर से लाए सख़ी के घर ज़ियाफ़त का

गुनह मग़फ़ूर, दिल रोशन, ख़ुनुक आंखें, जिगर ठन्डा
تعالى الله ! माहे तयबा आलम तेरी तल्अत का

न रख्खी गुल के जोशे हुस्न ने गुलशन में जा बाक़ी
चटक्ता फिर कहां गुन्चा कोई बाग़े रिसालत का

बढ़ा येह सिलसिला रहमत का दौरे ज़ुल्फ़े वाला में
तसल्सुल काले कोसों रह गया इस्यां की ज़ुल्मत का

सफ़े मातम उठे, ख़ाली हो ज़िन्दां, टूटें ज़न्जीरें
गुनहगारो ! चलो मौला ने दर खोला है जन्नत का

सिखाया है येह किस गुस्ताख़ ने आईने को या रब
नज़ारा रूए जानां का बहाना कर के ह़ैरत का

इधर उम्मत की ह़सरत पर उधर ख़ालिक़ की रह़मत पर
निराला त़ौर होगा गर्दिशे चश्मे शफ़ाअ़त का

बढ़ीं इस दरजा मौजें कस्रते अफ़्ज़ाले वाला की
कनारा मिल गया इस नह्र से दरियाए वह़्दत का

ख़मे ज़ुल्फ़े नबी साजिद है मेह़राबे दो अब्रू में
कि या रब तू ही वाली है सियह काराने उम्मत का

मदद ऐ जोशिशे गिर्या बहा दे कोह और सह़रा
नज़र आ जाए जल्वा बे ह़िजाब उस पाक तुरबत का

हुए कम-ख़्वाबिये हिज्रां में सातों पर्दे कम-ख़्वाबी
तसव्वुर ख़ूब बांधा आंखों ने अस्तारे तुरबत का

यक़ीं है वक़्ते जल्वा लग़्ज़िशें पाए निगह पाए
मिले जोशे सफ़ाए जिस्म से पा बोस ह़ज़रत का

यहां छिड़का नमक वां मर्हमे काफ़ूर हाथ आया
दिले ज़ख़्मी नमक परवर्दा है किस की मलाहत का

इलाही मुन्तज़िर हूं वोह ख़िरामे नाज़ फ़रमाएं
बिछा रख्खा है फ़र्श आंखों ने कम-ख़्वाबे बसारत का

न हो आक़ा को सज्दा आदमो यूसुफ़ को सज्दा हो
मगर सद्दे ज़राएअ़ दाब है अपनी शरीअ़त का

ज़बाने ख़ार किस किस दर्द से उन को सुनाती है
तड़पना दश्ते त़यबा में जिगर अफ़्गार फ़ुरक़त का

सिरहाने उन के बिस्मिल के येह बेताबी का मातम है
शहे कौसर तरह़्हुम तिश्ना जाता है ज़ियारत का

जिन्हें मरक़द में ता ह़श्र उम्मती कह कर पुकारोगे
हमें भी याद कर लो उन में सदक़ा अपनी रह़मत का

वोह चमकें बिज्लियां या रब तजल्लीहाए जानां से
कि चश्मे तूर का सुरमा हो दिल मुश्ताक़ रूयत का

रज़ाए ख़स्ता ! जोशे बह़्रे इस्यां से न घबराना
कभी तो हाथ आ जाएगा दामन उन की रह़मत का

लुत्फ़ उन का आम हो ही जाएगा

लुत्फ़ उन का आम हो ही जाएगा
शाद हर नाकाम हो ही जाएगा

जान दे दो वा'दए दीदार पर
नक़्द अपना दाम हो ही जाएगा

शाद है फ़िरदौस या'नी एक दिन
क़िस्मते खुद्दाम हो ही जाएगा

याद रह जाएंगी येह बे बाकियां
नफ़्स तू तो राम हो ही जाएगा

बे निशानों का निशां मिटता नहीं
मिटते मिटते नाम हो ही जाएगा

यादे गेसू ज़िक्रे हक़ है आह कर
दिल में पैदा[1] लाम हो ही जाएगा

1 : गेसू दो हैं और इन की तश्बीह "लाम" और लफ़्ज़े "आह" के दिल में दो लाम पैदा होने से कलिमा अल्लाह आशकारा होता है।12

एक दिन आवाज़ बदलेंगे येह साज़
चह्चहा कोहराम हो ही जाएगा

साइलो ! दामन सख़ी का थाम लो
कुछ न कुछ इन्आ़म हो ही जाएगा

यादे अब्रू कर के तड़पो बुलबुलो !
टुकड़े टुकड़े दाम हो ही जाएगा

मुफ़्लिसो ! उन की गली में जा पड़ो
बाग़े ख़ुल्द इक्राम हो ही जाएगा

गर यूंही रह़मत की तावीलें रहीं
मद्ह़ हर इल्ज़ाम हो ही जाएगा

बादा ख़्वारी का समां बंधने तो दो
शैख़ दुर्द आशाम हो ही जाएगा

ग़म तो उन को भूल कर लिपटा है यूं
जैसे अपना काम हो ही जाएगा

मिट ! कि गर यूंही रहा क़र्ज़े ह़यात
जान का नीलाम हो ही जाएगा

आ़क़िलो ! उन की नज़र सीधी रहे
बोरों का भी काम हो ही जाएगा

अब तो लाई है शफ़ाअ़त अ़फ़्व पर
बढ़ते बढ़ते आ़म हो ही जाएगा

ऐ रज़ा हर काम का इक वक़्त है
दिल को भी आराम हो ही जाएगा

पाउं अच्छा हो गया

ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ब्दुल्लाह बिन उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ का पाउं सुन हो गया, लोगों ने उन को इस मरज़ के इलाज के तौ़र पर येह अ़मल बताया कि तमाम दुन्या में आप को सब से ज़ाइद जिस से मह़ब्बत हो उस को याद कर के पुकारिये येह मरज़ जाता रहेगा । येह सुन कर आप ने "یامحمداہ" का ना'रा मारा और आप का पाउं अच्छा हो गया । (صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم) (الشفاء،ج۲،ص۲۳)

لَمْ يَاتِ نَظِيْرُکَ فِیْ نَظَرٍ

لَمْ[1] يَاتِ نَظِيْرُکَ فِیْ نَظَرٍ मिस्ले तो न शुद पैदा जाना
जग राज को ताज तोरे सर सो है तुझ को शहे दो सरा जाना

اَلْبَحْرُ[2] عَلا وَالْمَوْجُ طَغٰی मन बे कसो तूफ़ां होशरुबा
मंजधार में हूं बिगड़ी है हवा मोरी नय्या पार लगा जाना

يَاشَمْسُ[3] نَظَرْتِ اِلٰی لَيْلِی चू ब तय्बा रसी अर्ज़े बुकुनी
तोरी जोत की झल झल जग में रची मेरी शब ने न दिन होना जाना

لَکَ[4] بَدْرٌ فِی الْوَجْهِ الْاَجْمَلْ ख़त़ हालए मह जुल्फ़ अब्रे अजल
तोरे चन्दन चंद्र परो कुन्डल रहमत की भरन बरसा जाना

اَنَا[5] فِیْ عَطَشٍ وَّسَخَاکَ اَتَمّ ऐ गेसूए पाक ऐ अब्रे करम
बरसन हारे रिमझिम रिमझिम दो बूंद इधर भी गिरा जाना

---

1 : तरजमा : हुज़ूर का नज़ीर किसी को नज़र न आया। 2 : तरजमा : समुन्दर ऊंचा हुवा और मौजें तुग़यानी पर हैं। 3 : तरजमा : ऐ आफ़्ताब तूने मेरी रात देखी। इस में इशारा है कि मेरी रात आफ़्ताब के सामने भी रात ही रही। 12
4 : तरजमा : हुज़ूर के लिये सब से ज़ियादा ख़ूब सूरत चेहरे में एक चौदहवीं रात का चांद है। 12 5 : तरजमा : मैं प्यास में हूं और तेरी सख़ावत सब से ज़ियादा कामिल व ताम है। 12

يَاقَافِلَتِي زِيْدِيْ اَجَلَکْ [1] रह़मे बर ह़स्रते तिश्ना लबक
मोरा जि-यरा लरजे दरक दरक त़यबा से अभी न सुना जाना

وَاهًا لِسُوَيْعَاتٍ ذَهَبَتْ [2] आं अ़हदे हु़ज़ूरे बार गहत
जब याद आवत मोहे कर न परत दरदा वोह मदीने का जाना

اَلْقَلْبُ شَجٍ وَّالْهَمُّ شُجُوْن [3] दिल ज़ार चुनां जां ज़ेरे चुनूं
पत अपनी बिपत में का से कहूं मेरा कौन है तेरे सिवा जाना

اَلرُّوْحُ فِدَاکَ فَزِدْ حَرْقًا [4] यक शो'ला दिगर बरज़न इ़श्क़ा
मोरा तन मन धन सब फूंक दिया येह जान भी प्यारे जला जाना

बस ख़ामए ख़ाम नवाए रज़ा न येह त़र्ज़ मेरी न येह रंग मेरा
इर्शादे अह़िब्बा नात़िक़ था नाचार इस राह पड़ा जाना

❁❁❁❁❁

---

1 : तरजमा : ऐ मेरे क़ाफ़िले अपने क़ियाम की मुद्दत ज़ियादा कर ।12
2 : तरजमा : आह अफ़्सोस वोह चन्द क़लील घड़ियां कि गुज़र गईं ।12
3 : तरजमा : दिल ज़ख़्मी है और परेशानियां रंग रंग की हैं ।
4 : तरजमा : जान तेरे क़ुरबान अपनी सोज़िश ज़ियादा कर ।

न आस्मान को यूं सर कशीदा होना था

न आस्मान को यूं सर कशीदा होना था
हुज़ूरे ख़ाके मदीना ख़मीदा होना था

अगर गुलों को ख़ज़ां ना रसीदा होना था
कनारे ख़ारे मदीना दमीदा होना था

हुज़ूर उन के ख़िलाफ़े अदब थी बेताबी
मेरी उमीद ! तुझे आरमीदा होना था

नज़ारा ख़ाके मदीना का और तेरी आंख
न इस क़दर भी क़मर शोख़ दीदा होना था

कनारे ख़ाके मदीना में राहतें मिलतीं
दिले हज़ीं ! तुझे अश्के चकीदा होना था

पनाहे दामने दश्ते हरम में चैन आता
न सब्रे दिल को ग़ज़ाले रमीदा होना था

येह कैसे खुलता कि उन के सिवा शफ़ीअ़ नहीं
अ़बस न औरों के आगे तपीदा होना था

हिलाल कैसे न बनता कि माहे कामिल को
सलामे अब्रूए शह में ख़मीदा होना था

لَاَمْلَئَنَّ[1] جَهَنَّم था वा'दए अज़ली
न मुन्किरों का अ़बस बद अ़क़ीदा होना था

नसीम क्यूं न शमीम उन की त़यबा से लाती
कि सुब्ह़े गुल को गिरीबां दरीदा होना था

टपक्ता रंगे जुनूं इ़श्क़े शह में हर गुल से
रगे बहार को निश्तर रसीदा होना था

बजा था अ़र्श पे ख़ाके मज़ारे पाक को नाज़
कि तुझ सा अ़र्श नशीं आफ़रीदा होना था

---

1 : मैं बेशक ज़रूर जहन्नम को भर दूंगा। (القرآن)12।

(मक्तबए ह़ामिदिय्या लाहोर)

गुज़रते जान से इक शोरे ''या ह़बीब'' के साथ
फ़ुग़ां को नालए ह़ल्क़े बुरीदा होना था

मेरे करीम गुनह ज़ह्र है मगर आख़िर
कोई तो शहदे शफ़ाअ़त चशीदा होना था

जो संगे दर पे जबीं साइयों में था मिटना
तो मेरी जान शरारे जहीदा होना था

तेरी क़बा के न क्यूं नीचे नीचे दामन हों
कि ख़ाकसारों से यां कब कशीदा होना था

रज़ा जो दिल को बनाना था जल्वा गाहे ह़बीब
तो प्यारे क़ैदे ख़ुदी से रहीदा होना था

शोरे महे नौ सुन कर तुझ तक मैं दवां आया

शोरे महे नौ सुन कर तुझ तक मैं दवां आया
साक़ी मैं तेरे सदके़ मै दे र-मज़ां आया

इस गुल के सिवा हर फूल बा गोशे गिरां आया
देखे ही गी ऐ बुलबुल जब वक़्ते फ़ुग़ां आया

जब बामे तजल्ली पर वोह नय्यरे जां आया
सर था जो गिरा झुक कर दिल था जो तपां आया

जन्नत को ह़रम समझा आते तो यहां आया
अब तक के हर इक का मुंह कहता हूं कहां आया

त़यबा के सिवा सब बाग़ पामाले फ़ना होंगे
देखोगे चमन वालो ! जब अ़हदे ख़ज़ां आया

सर और वोह संगे दर आंख और वोह बज़्मे नूर
ज़ालिम को वत़न का ध्यान आया तो कहां आया

कुछ ना'त के त़ब्क़े का आ़लम ही निराला है
सक्ते में पड़ी है अ़क़्ल चक्कर में गुमां आया

जलती थी ज़मीं कैसी थी धूप कड़ी कैसी
लो वोह क़दे बे साया अब साया कुनां आया

त़यबा से हम आते हैं कहिये तो जिनां वालो
क्या देख के जीता है जो वां से यहां आया

ले त़ौक़े अलम से अब आज़ाद हो ऐ क़ुमरी
चिठ्ठी लिये बख़्शिश की वोह सर्वे रवां आया

नामे से रज़ा के अब मिट जाओ बुरे कामो
देखो मेरे पल्ले पर वोह अच्छे मियां आया

बदकार रज़ा ख़ुश हो बद काम भले होंगे
वोह अच्छे मियां प्यारा अच्छों का मियां आया

मा'रूज़ा बा'दे वापसी ज़ियारते मुतह्हरा बार अव्वल 1296 सि.हि.

ख़राब हाल किया दिल को पुर मलाल किया
तुम्हारे कूचे से रुख़्सत किया निहाल किया

न रूए गुल अभी देखा न बूए गुल सूंघी
क़ज़ा ने ला के क़फ़स में शिकस्ता बाल किया

वोह दिल कि ख़ूं शुदा अरमां थे जिस में मल डाला
फ़ुग़ां कि गोरे शहीदां को पाएमाल किया

येह राय क्या थी वहां से पलटने की ऐ नफ़्स
सितम-गर उलटी छुरी से हमें हलाल किया

येह कब की मुझ से अदावत थी तुझ को ऐ ज़ालिम
छुड़ा के संगे दरे पाक सर वबाल किया

चमन से फेंक दिया आशियानए बुलबुल
उजाड़ा ख़ानए बेकस बड़ा कमाल किया

तेरा सितम ज़दा आंखों ने क्या बिगाड़ा था
येह क्या समाई कि दूर इन से वोह जमाल किया

हुज़ूर उन के ख़याले वत़न मिटाना था
हम आप मिट गए अच्छा फ़राग़ बाल किया

न घर का रख्खा न उस दर का हाए नाकामी
हमारी बे बसी पर भी न कुछ ख़याल किया

जो दिल ने मर के जलाया था मन्नतों का चराग़
सितम कि अ़र्ज़ रहे सर-सरे ज़वाल किया

मदीना छोड़ के वीराना हिन्द का छाया
येह कैसा हाए ह़वासों ने इख़्तिलाल किया

तू जिस के वासिते़ छोड़ आया त़यबा सा मह़बूब
बता तो उस सितम आरा ने क्या निहाल किया

अभी अभी तो चमन में थे चह्चहे नागाह
येह दर्द कैसा उठा जिस ने जी निढाल किया

इलाही सुन ले रज़ा जीते जी कि मौला ने
सगाने कूचा में चेहरा मेरा बह़ाल किया

बन्दा मिलने को क़रीबे ह़ज़रते क़ादिर गया

बन्दा मिलने को क़रीबे ह़ज़रते क़ादिर गया
लम्अ़ए बात़िन में गुमने जल्वए ज़ाहिर गया

तेरी मरज़ी पा गया सूरज फिरा उलटे क़दम
तेरी उंगली उठ गई मह का कलेजा चिर गया

बढ़ चली तेरी ज़िया अन्धेर आ़लम से घटा
खुल गया गेसू तेरा रह़मत का बादल घिर गया

बंध गई तेरी हवा सावह में ख़ाक उड़ने लगी
बढ़ चली तेरी ज़िया आतश पे पानी फिर गया

तेरी रह़मत से सफ़िय्युल्लाह[1] का बेड़ा पार था
तेरे सदक़े से नजिय्युल्लाह[2] का बजरा तिर गया

तेरी आमद थी कि बैतुल्लाह मुजरे को झुका
तेरी हैबत थी कि हर बुत थर-थरा कर गिर गया

---

1 : ह़ज़रते आदम عَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام । (मक्तबए ह़ामिदिय्या)

2 : ह़ज़रते नूह़ عَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام । (मक्तबए ह़ामिदिय्या)

मोमिन उन का क्या हुवा अल्लाह उस का हो गया
काफ़िर उन से क्या फिरा अल्लाह ही से फिर गया

वोह कि उस दर का हुवा ख़ल्के़ ख़ुदा उस की हुई
वोह कि उस दर से फिरा अल्लाह उस से फिर गया

मुझ को दीवाना बताते हो मैं वोह हुशियार हूं
पाउं जब तौ़फे़ ह़रम में थक गए सर फिर गया

रह़्मतुल्लिल आ़-लमीं आफ़त में हूं कैसी करूं
मेरे मौला मैं तो इस दिल से बला में घिर गया

मैं तेरे हाथों के सदके़ कैसी कंकरियां थीं वोह
जिन से इतने काफ़िरों का दफ़्अ़तन मुंह फिर गया

क्यूं जनाबे बू हुरैरा[1] था वोह कैसा जामे शीर
जिस से सत्तर साहि़बों का दूध से मुंह फिर गया

वासित़ा प्यारे का ऐसा हो कि जो सुन्नी मरे ۊ
यूं न फ़रमाएं तेरे शाहिद कि वोह फ़ाजिर गया

1 : ह़ज़रते अ़ब्दुर्रह़मान मश्हूर राविये ह़दीस व सरख़ील अस्ह़ाबे सुफ़्फ़ा। (मक्तबए ह़ामिदिय्या)

अ़र्श पर धूमें मचें वोह मोमिने सालेह़ मिला
फ़र्श से मातम उठे वोह त़य्यिबो त़ाहिर गया

अल्लाह अल्लाह येह उ़लुव्वे ख़ा़से अ़ब्दिय्यत रज़ा
बन्दा मिलने को क़रीबे ह़ज़रते क़ादिर गया

ठोकरें खाते फिरोगे उन के दर पर पड़ रहो
क़ाफ़िला तो ऐ रज़ा अव्वल गया आख़िर गया

कामिल ईमान

ह़ज़रते अनस رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ से रिवायत है कि **रसूलुल्लाह** صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने फ़रमाया : तुम में से कोई उस वक़्त तक मोमिन नहीं हो सकता जब तक कि मैं उस के नज़्दीक उस के बाप उस की औलाद और तमाम लोगों से बढ़ कर मह़बूब न हो जाऊं।

(صحیح البخاری، کتاب الایمان، باب حب الرسول من الایمان، الحدیث:۱۵، ج۱، ص۱۷)

ने 'मतें बांटता जिस सम्त वोह ज़ीशान गया

ने'मतें बांटता जिस सम्त वोह ज़ीशान गया
साथ ही मुन्शिये रह़मत का क़लम-दान गया

ले ख़बर जल्द कि ग़ैरों की त़रफ़ ध्यान गया
मेरे मौला मेरे आक़ा तेरे क़ुरबान गया

आह वोह आंख कि नाकामे तमन्ना ही रही
हाए वोह दिल जो तेरे दर से पुर अरमान गया

दिल है वोह दिल जो तेरी याद से मा'मूर रहा
सर है वोह सर जो तेरे क़दमों पे क़ुरबान गया

उन्हें जाना उन्हें माना न रखा ग़ैर से काम
لِلّٰہِ الْحَمْد मैं दुन्या से मुसल्मान गया

और तुम पर मेरे आक़ा की इ़नायत न सही
नज्दियो ! कल्मा पढ़ाने का भी एह़सान गया

आज ले उन की पनाह आज मदद मांग उन से
फिर न मानेंगे क़ियामत में अगर मान गया

उफ़ रे मुन्किर येह बढ़ा जोशे तअ़स्सुब आख़िर
भीड़ में हाथ से कम बख़्त के ईमान गया

जानो दिल होशो ख़िरद सब तो मदीने पहुंचे
तुम नहीं चलते रज़ा सारा तो सामान गया

अश्क जारी हो जाते

ज़िक्रे रसूल के वक़्त सहाबए किराम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُم पर रिक्क़त त़ारी हो जाती और अश्क जारी हो जाते चुनान्चे ह़ज़रते सय्यिदुना **अ़ब्दुल्लाह** इब्ने उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُمَا जब **रसूलुल्लाह** صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم का तज़्किरा फ़रमाते थे तो आंखों से आंसू रवां हो जाते थे।

(الطبقات الکبری لابن سعد،تذکرۃ عبد اللّٰہ بن عمر بن خطاب،ج٤،ص١٢٧،دار الکتب العلمیۃ بیروت)

काश ! हमें भी येह सआ़दत नसीब हो जाती !

रोने वाली आंखें मांगो, रोना सब काम नहीं
ज़िक्रे मह़ब्बत आ़म है लेकिन सोज़े मह़ब्बत आ़म नहीं

ताबे मिरआते सह़र गर्दे बयाबाने अ़रब

ताबे मिरआते सह़र गर्दे बयाबाने अ़रब
ग़ाज़ए रूए क़मर दूदे चराग़ाने अ़रब

अल्लाह अल्लाह बहारे च-मनिस्ताने अ़रब
पाक हैं लौसे ख़ज़ां से गुलो रैह़ाने अ़रब

जोशिशे अब्र से ख़ूने गुले फ़िरदौस करे
छेड़ दे रग को अगर ख़ारे बयाबाने अ़रब

तिश्नए नहरे जिनां हर अ़-रबिय्यो अ़-जमी !
लबे हर नहरे जिनां तिश्नए नैसाने अ़रब

त़ौके़ ग़म आप हवाए परे कु़मरी से गिरे
अगर आज़ाद करे सर्वे ख़िरामाने अ़रब

मेह्‌र मीज़ां में छुपा हो तो ह़मल में चमके
डाले इक बूंद शबे दै में जो बाराने अ़रब

अ़र्श से मुज़्दए बिल्क़ीसे शफ़ाअ़त लाया
ताइरे सिदरा नशीं मुर्ग़े सुलैमाने अ़रब

हुस्ने[1] यूसुफ़ पे कटीं मिस्र में अंगुश्ते ज़नां
सर कटाते हैं तेरे नाम पे मर्दाने अ़रब

कूचे कूचे में महक्ती है यहां बूए क़मीस
यूसुफ़िस्तां है हर इक गोशए कन्आ़ने अ़रब

बज़्मे कुदसी में है यादे लबे जां बख़्श हुज़ूर
आ़लमे नूर में है चश्मए हैवाने अ़रब

---

1 : इस शे'र के दोनों मिस्रओं में एक एक लफ़्ज़ ऐसे तक़ाबुल से है कि मुफ़ीद तफ़्ज़ीले हुज़ूरे अन्वर صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم है (1) वहां हुस्न यहां नाम (2) वहां कटना कि अ़-दमे क़स्द पर दलालत करता है यहां कटाना कि क़स्द व इरादा बताता है (3) वहां मिस्र यहां अ़रब कि ज़मानए जाहिलिय्यत में इस की सरकशी व ख़ुद-सरी मश्हूर थी (4) वहां अंगुश्त यहां सर (5) वहां ज़नान यहां मर्दान (6) वहां उंग्लियां कटीं कि एक बार वुक़ूअ़ बताता है और यहां कटाते हैं कि इस्तिमरार पर दलील है ।12

पाए जिब्रील ने सरकार से क्या क्या अल्क़ाब
ख़ुस्रवे ख़ैले मलक, ख़ादिमे सुल्ताने अ़रब

बुलबुलो नील-परो कब्क बनो परवानो !
महो ख़ुरशीद पे हंसते हैं चराग़ाने अ़रब

हूर से क्या कहें मूसा से मगर अ़र्ज़ करें
कि है ख़ुद हुस्ने अज़ल ता़लिबे जानाने अ़रब

क-रमे ना'त के नज़्दीक तो कुछ दूर नहीं
कि रज़ाए अ़-जमी हो सगे ह़स्साने अ़रब

कितनी मह़ब्बत है ?

ह़ज़रते अ़ली كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰی وَجْهَهُ الْكَرِیْم से किसी ने सुवाल किया कि आप को **रसूलुल्लाह** صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَیْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم से कितनी मह़ब्बत है ? आप ने फ़रमाया : ख़ुदा की क़सम ! हु़ज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَیْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم हमारे माल, हमारी औलाद, हमारे बाप, हमारी मां और सख़्त प्यास के वक़्त पानी से भी बढ़ कर हमारे नज़्दीक मह़बूब हैं। (الشفاء، ج٢، ص٢٢)

फिर उठा वल्वलए यादे मुग़ीलाने अ़रब

फिर उठा वल्वलए यादे मुग़ीलाने अ़रब
फिर खिंचा दामने दिल सूए बयाबाने अ़रब

बाग़े फ़िरदौस को जाते हैं हज़ाराने अ़रब
हाए सहराए अ़रब हाए बयाबाने अ़रब

मीठी बातें तेरी दीने अ़जम ईमाने अ़रब
न-मकीं हुस्न तेरा जाने अ़जम शाने अ़रब

अब तो है गिर्यए ख़ूं गौहरे दामाने अ़रब
जिस में दो ला'ल थे ज़हरा के वोह थी काने अ़रब

दिल वोही दिल है जो आंखों से हो हैराने अ़रब
आंखें वोह आंखें हैं जो दिल से हों क़ुरबाने अ़रब

हाए किस वक़्त लगी फांस अलम की दिल में
कि बहुत दूर रहे ख़ारे मुग़ीलाने अ़रब

फ़स्ले गुल लाख न हो वस्ल की रख आस हज़ार
फूलते फलते हैं बे फ़स्ल गुलिस्ताने अ़रब

सदके़ होने को चले आते हैं लाखों गुलज़ार
कुछ अ़जब रंग से फूला है गुलिस्ताने अ़रब

अ़न्दलीबी पे झगड़ते हैं कटे मरते हैं
गुलो बुलबुल को लड़ाता है गुलिस्ताने अ़रब

सदके़ रह़मत के कहां फूल कहां ख़ार का काम
ख़ुद है दामन कशे बुलबुल गुले ख़न्दाने अ़रब

शादिये ह़श्र है सदके़ में छुटेंगे क़ैदी
अ़र्श पर धूम से है दा'वते मेहमाने अ़रब

चरचे होते हैं येह कुम्ह्लाए हुए फूलों में
क्यूं येह दिन देखते पाते जो बयाबाने अ़रब

तेरे बे दाम के बन्दे हैं रईसाने अ़जम
तेरे बे दाम के बन्दी हैं हज़ाराने अ़रब

हश्त ख़ुल्द आएं वहां कस्बे लत़ाफ़त को रज़ा
चार दिन बरसे जहां अब्रे बहाराने अ़रब

जोबनों पर है बहारे चमन आराइये दोस्त

जोबनों पर है बहारे चमन आराइये दोस्त
ख़ुल्द का नाम न ले बुलबुले शैदाइये दोस्त

थक के बैठे तो दरे दिल पे तमन्नाइये दोस्त
कौन से घर का उजाला नहीं ज़ैबाइये दोस्त

अ़र्सए ह़श्र कुजा मौक़िफ़े मह़मूद कुजा
साज़ हंगामों से रखती नहीं यक्ताइये दोस्त

मेह्र किस मुंह से जिलौ दारिये जानां करता
साए के नाम से बेज़ार है यक्ताइये दोस्त

मरने वालों को यहां मिलती है उ़म्रे जावेद
ज़िन्दा छोड़ेगी किसी को न मसीह़ाइये दोस्त

उन को यक्ता किया और ख़ल्क़ बनाई या'नी
अन्जुमन कर के तमाशा करें तन्हाइये दोस्त

का'बा व अ़र्श में कोहराम है नाकामी का
आह किस बज़्म में है जल्वए यक्ताइये दोस्त

हुस्ने बे पर्दा के पर्दे ने मिटा रख्खा है
ढूंडने जाएं कहां जल्वए हरजाइये दोस्त

शौक़ रोके न रुके पाउं उठाए न उठे
कैसी मुश्किल में हैं अल्लाह तमन्नाइये दोस्त

शर्म से झुकती है मेह़राब कि साजिद हैं हुज़ूर
सज्दा करवाती है का'बे से जबीं साइये दोस्त

ताज वालों का यहां ख़ाक पे माथा देखा
सारे दाराओं की दारा हुई दाराइये दोस्त

तूर पर कोई, कोई चर्ख़ पे येह अ़र्श से पार
सारे बालाओं पे बाला रही बालाइये दोस्त

اَنْتَ فِیْہِمْ[1] ने अ़दू को भी लिया दामन में
ऐ़शे जावेद मुबारक तुझे शैदाइये दोस्त

रन्जे आ'दा का रज़ा चारा ही क्या है जब उन्हें
आप गुस्ताख़ रखे ह़िल्मो शिकैबाइये दोस्त

---

1 : قَالَ اللّٰہُ تَعَالٰی: "وَمَا کَانَ اللّٰہُ لِیُعَذِّبَھُمْ وَاَنْتَ فِیْھِمْ" अल्लाह इन काफ़िरों पर भी अ़ज़ाब न करेगा जब तक ऐ रह़मते आ़लम तुम इन में तशरीफ़ फ़रमा हो। ۱۲منہ غفرلہ

तू़बा में जो सब से ऊंची नाज़ुक सीधी निकली शाख़

तू़बा में जो सब से ऊंची नाज़ुक सीधी निकली शाख़
मांगूं ना'ते नबी लिखने को रूह़े क़ुदुस से ऐसी शाख़

मौला गुलबुन, रह़मत ज़रा, सिब्त़ैन[1] उस की कलियां फूल
सिद्दीक़ो फ़ारूक़ो उ़स्मां, ह़ैदर हर इक उस की शाख़

शाख़े क़ामते शह में ज़ुल्फ़ो चश्मो रुख़्सारो लब हैं
सुम्बुल, नरगिस, गुल, पंखड़ियां क़ुदरत की क्या फूली शाख़

अपने इन बाग़ों का सदक़ा वोह रह़मत का पानी दे
जिस से नख़्ले दिल में हो पैदा प्यारे तेरी विला की शाख़

यादे रुख़ में आहें कर के बन में मैं रोया आई बहार
झूमीं नसीमें, नैसां बरसा, कलियां चटकीं, महकी शाख़

ज़ाहिरो बात़िन अव्वलो आख़िर ज़ैबे फ़ुरूओ़ ज़ैने उसूल
बाग़े रिसालत में है तू ही गुल, ग़ुन्चा, जड़, पत्ती शाख़

आले अह़मद ख़ुज़् बि-यदी या सय्यिद ह़म्ज़ा कुन मददी
वक़्ते ख़ज़ाने उ़म्रे रज़ा हो बर्गे हुदा से न आ़री शाख़

❁❁❁❁❁

---

1 : ह़ज़राते ह़सन व हु़सैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُمَا । (मक्तबए ह़ामिदिय्या)

ज़हे इज़्ज़तो ए'तिलाए मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم

ज़हे इज़्ज़तो ए'तिलाए मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَسَلَّم
कि है अ़र्शे ह़क़ ज़ेरे पाए मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَسَلَّم

मकां अ़र्श उन का फ़लक फ़र्श उन का
मलक ख़ादिमाने सराए मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَسَلَّم

ख़ुदा की रिज़ा चाहते हैं दो आ़लम
ख़ुदा चाहता है रिज़ाए मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَسَلَّم

अ़जब क्या अगर रह़्म फ़रमा ले हम पर
ख़ुदाए मुह़म्मद बराए मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَسَلَّم

मुह़म्मद बराए जनाबे इलाही !
जनाबे इलाही बराए मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَسَلَّم

बसी इ़त्रे मह़बूबिये किब्रिया से
अ़बाए मुह़म्मद क़बाए मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَسَلَّم

बहम अ़ह्द बांधे हैं वस्ले अबद का
रिज़ाए ख़ुदा और रिज़ाए मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَسَلَّم

दमे नज़्अ़ जारी हो मेरी ज़बां पर
मुह़म्मद मुह़म्मद ख़ुदाए मुह़म्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَسَلَّم

असाए कलीम अज़्दहाए ग़ज़ब था
गिरों का सहारा असाए मुहम्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَسَلَّم
मैं कुरबान क्या प्यारी प्यारी है निस्बत
येह आने ख़ुदा वोह ख़ुदाए मुहम्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَسَلَّم
मुहम्मद का दम ख़ास बहरे ख़ुदा है
सिवाए मुहम्मद बराए मुहम्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَسَلَّم
ख़ुदा उन को किस प्यार से देखता है
जो आंखें हैं महवे लिक़ाए मुहम्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَسَلَّم
जिलौ में इजाबत ख़वासी में रहमत
बढ़ी किस तुज़ुक से दुआए मुहम्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَسَلَّم
इजाबत ने झुक कर गले से लगाया
बढ़ी नाज़ से जब दुआए मुहम्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَسَلَّم
इजाबत का सेहरा इनायत का जोड़ा
दुल्हन बन के निकली दुआए मुहम्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَسَلَّم
रज़ा पुल से अब वज्द करते गुज़रिये
कि है रब्बे सल्लिम सदाए मुहम्मद صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَسَلَّم

❁❁❁❁❁

ऐ शाफ़ेए उमम शहे ज़ी जाह ले ख़बर

ऐ शाफ़ेए उमम शहे ज़ी जाह ले ख़बर
लिल्लाह ले ख़बर मेरी लिल्लाह ले ख़बर

दरिया का जोश, नाव न बेड़ा न नाख़ुदा
मैं डूबा, तू कहां है मेरे शाह ले ख़बर

मन्ज़िल कड़ी है रात अंधेरी मैं ना बलद
ऐ ख़िज़्र ले ख़बर मेरी ऐ माह ले ख़बर

पहुंचे पहुंचने वाले तो मन्ज़िल मगर शहा
उन की जो थक के बैठे सरे राह ले ख़बर

जंगल दरिन्दों का है मैं बे यार शब क़रीब
घेरे हैं चार सम्त से बद ख़्वाह ले ख़बर

मन्ज़िल नई अज़ीज़ जुदा लोग ना शनास
टूटा है कोहे ग़म में परे काह ले ख़बर

वोह सख़्तियां सुवाल की वोह सूरतें मुहीब
ऐ ग़मज़दों के हाल से आगाह ले ख़बर

मुजरिम को बारगाहे अदालत में लाए हैं
तक्ता है बे कसी में तेरी राह ले ख़बर

अहले अमल को उन के अमल काम आएंगे
मेरा है कौन तेरे सिवा आह ले ख़बर

पुरख़ार राह, बरह्ना पा, तिश्ना आब दूर
मौला पड़ी है आफ़ते जांकाह ले ख़बर

बाहर ज़बानें प्यास से हैं, आफ़्ताब गर्म
कौसर के शाह كَثَّرَهُ الله ले ख़बर

माना कि सख़्त मुजरिमो नाकारा है रज़ा
तेरा ही तो है बन्दए दरगाह ले ख़बर

दर मन्क़बते हुज़ूर ग़ौसे आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ

बन्दा क़ादिर का भी क़ादिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर
सिर्रे बातिन भी है ज़ाहिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर

मुफ़्तिये शर-अ़ भी है क़ाज़िये मिल्लत भी है
इ़ल्मे असरार से माहिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर

मम्बए़ फ़ैज़ भी है मज्मए़ अफ़्ज़ाल भी है
मेहरे इ़रफ़ां का मुनव्वर भी है अ़ब्दुल क़ादिर

क़ुत़्बे अब्दाल भी है मह़्वरे इर्शाद भी है
मर्कज़े दाइरए सिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर

सिल्के इ़रफ़ां की ज़िया है येही दुर्रे मुख़्तार
फ़ख़्रे अश्बाहो नज़ाइर भी है अ़ब्दुल क़ादिर

इस के फ़रमान हैं सब शारेहे़ हुक्मे शारेअ़
मज़्हरे नाही व आमिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर

ज़ी तसर्रुफ़ भी है माज़ून भी मुख़्तार भी है
कारे आ़लम का मुदब्बिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर

रश्के बुलबुल है रज़ा लालए सद दाग़ भी है
आप का वासिफ़ो ज़ाकिर भी है अ़ब्दुल क़ादिर

गुज़रे जिस राह से वोह सय्यिदे वाला हो कर

गुज़रे जिस राह से वोह सय्यिदे वाला हो कर
रह गई सारी ज़मीं अम्बरे सारा हो कर

रुख़े अन्वर की तजल्ली जो क़मर ने देखी
रह गया बोसा दहे नक़्शे कफ़े पा हो कर

वाए महरूमिये क़िस्मत कि मैं फिर अब की बरस
रह गया हम-रहे ज़व्वारे मदीना हो कर

च-मने त़यबा है वोह बाग़ कि मुर्ग़े सिदरा
बरसों चहके है जहां बुलबुले शैदा हो कर

सर-सरे दश्ते मदीना का मगर आया ख़याल
रश्के गुलशन जो बना गुन्चए दिल वा हो कर

गोशे शह कहते हैं फ़रियाद रसी को हम हैं
वा'दए चश्म है बख़्शाएंगे गोया हो कर

पाए शह पर गिरे या रब तपिशे मेह्र से जब
दिले बेताब उड़े ह़श्र में पारा हो कर

है येह उम्मीद रज़ा को तेरी रह़मत से शहा
न हो ज़िन्दानिये दोज़ख़ तेरा बन्दा हो कर

नारे दोज़ख़ को चमन कर दे बहारे अ़ारिज़

नारे दोज़ख़ को चमन कर दे बहारे अ़ारिज़
ज़ुल्मते ह़श्र को दिन कर दे नहारे अ़ारिज़

मैं तो क्या चीज़ हूं ख़ुद साह़िबे क़ुरआं को शहा
लाख मुस्ह़फ़ से पसन्द आई बहारे अ़ारिज़

जैसे क़ुरआन है विर्द उस गुले मह़बूबी का
यूं ही क़ुरआं का वज़ीफ़ा है वक़ारे अ़ारिज़

गर्चे क़ुरआं है न क़ुरआं की बराबर लेकिन
कुछ तो है जिस पे है वोह मद्ह़ निगारे अ़ारिज़

तूर क्या अ़र्श जले देख के वोह जल्वए गर्म
आप अ़ारिज़ हो मगर आईना दारे अ़ारिज़

तुरफ़ा अ़ालम है वोह क़ुरआन इधर देखें उधर
मुस्ह़फ़े पाक हो ह़ैराने बहारे अ़ारिज़

तरजमा है येह सिफ़्त का वोह ख़ुद आईनए ज़ात
क्यूं न मुस्ह़फ़ से ज़ियादा हो वक़ारे आ़रिज़

जल्वा फ़रमाएं रुख़े दिल की सियाही मिट जाए
सुब्ह़ हो जाए इलाही शबे तारे आ़रिज़

नामे ह़क़ पर करे मह़बूब दिलो जां क़ुरबां
ह़क़ करे अ़र्श से ता फ़र्श निसारे आ़रिज़

मुश्क बू ज़ुल्फ़ से रुख़ चेहरे से बालों में शुआ़अ़
मो'जिज़ा है ह़-लबे ज़ुल्फ़ो ततारे आ़रिज़

ह़क़ ने बख़्शा है करम नज़्रे गदायां हो क़बूल
प्यारे इक दिल है वोह करते हैं निसारे आ़रिज़

आह बे मा-यगिये दिल कि रज़ाए मोह़ताज
ले कर इक जान चला बहरे निसारे आ़रिज़

तुम्हारे ज़र्रे के परतौ सितारहाए फ़लक

तुम्हारे ज़र्रे के परतौ सितारहाए फ़लक
तुम्हारे ना'ल की नाक़िस मिसल ज़ियाए फ़लक

अगर्चे छाले सितारों से पड़ गए लाखों
मगर तुम्हारी त़लब में थके न पाए फ़लक

सरे फ़लक न कभी ता-ब आस्तां पहुंचा
कि इब्तिदाए बुलन्दी थी इन्तिहाए फ़लक

येह मिट के उन की रविश पर हुवा ख़ुद उन की रविश
कि नक़्शे पाए ज़मीं पर न सौते पाए फ़लक

तुम्हारी याद में गुज़री थी जागते शब भर
चली नसीम, हुए बन्द दीदहाए फ़लक

न जाग उठें कहीं अहले बक़ीअ़ कच्ची नींद
चला येह नर्म न निकली सदाए पाए फ़लक

येह उन के जल्वे ने कीं गर्मियां शबे असरा
कि जब से चर्ख़ में हैं नुक़रओ तिलाए फ़लक

मेरे ग़नी ने जवाहिर से भर दिया दामन
गया जो कासए मह ले के शब गदाए फ़लक

रहा जो क़ानेए यक नाने सोख़्ता दिन भर
मिली हुज़ूर से काने गुहर जज़ाए फ़लक

तजम्मुले शबे असरा अभी सिमट न चुका
कि जब से वैसी ही कोतल हैं सब्ज़हाए फ़लक

ख़िताबे हक़ भी है दर बाबे ख़ल्क़ مِنْ اَجَلِکَ
अगर इधर से दमे हम्द है सदाए फ़लक

येह अहले बैत की चक्की से चाल सीखी है
रवां है बे मददे दस्त आसियाए फ़लक

रज़ा येह ना'ते नबी ने बुलन्दियां बख़्शीं
लक़ब "ज़मीने फ़लक" का हुवा समाए फ़लक

क्या ठीक हो रुख़े न-बवी पर मिसाले गुल

क्या ठीक हो रुख़े न-बवी पर मिसाले गुल
पामाले जल्वए कफ़े पा है जमाले गुल

जन्नत है उन के जल्वे से जूयाए रंगो बू
ऐ गुल हमारे गुल से है गुल को सुवाले गुल

उन के क़दम से सिल्अ़ए[1] ग़ाली हुई जिनां
वल्लाह मेरे गुल से है जाहो जलाले गुल

सुनता हूं इ़श्क़े शाह में दिल होगा ख़ूं फ़िशां
या रब येह मुज़्दा सच हो मुबारक हो फ़ाले गुल

बुलबुल ह़रम को चल ग़मे फ़ानी से फ़ाएदा
कब तक कहेगी हाए वोह ग़ुन्जो दलाले गुल

---

1 : ह़दीस में जन्नत को "सिल्अ़ए ग़ालिया" फ़रमाया या'नी मताए गिरां बहा ।12

ग़मगीं है शौक़े ग़ाज़ए ख़ाके मदीना में
शबनम से धुल सकेगी न गर्दे मलाले गुल

बुलबुल येह क्या कहा मैं कहां फ़स्ले गुल कहां
उम्मीद रख कि आ़म है जूदो नवाले गुल

बुलबुल ! घिरा है अब्रे विला मुज़्दा हो कि अब
गिरती है आशियाने पे बर्क़े जमाले गुल

या रब हरा भरा रहे दाग़े जिगर का बाग़
हर मह महे बहार हो हर साल साले गुल

रंगे मुज़ह से कर के ख़जिल यादे शाह में
खींचा है हम ने कांटों पे इ़त्रे जमाले गुल

मैं यादे शह में रोऊं अ़नादिल करें हुजूम
हर अश्क लाला-फ़ाम पे हो एह़तिमाले गुल

है अ़क्से चेहरा से लबे गुलगूं में सुर्ख़ियां
डूबा है बद्रे गुल से शफ़क़ में हिलाले गुल

ना'ते हुज़ूर में मु-तरन्नम है अ़न्दलीब
शाख़ों के झूमने से इयां वज्दो ह़ाले गुल

बुलबुल गुले मदीना हमेशा बहार है
दो दिन की है बहार फ़ना है मआले गुल

शैख़ैन इधर निसार, ग़निय्यो अ़ली उधर
गुन्चा है बुलबुलों का यमीनो शिमाले गुल

चाहे ख़ुदा तो पाएंगे इ़श्क़े नबी में ख़ुल्द
निकली है नामए दिले पुर ख़ूं में फ़ाले गुल

कर उस की याद जिस से मिले चैन अ़न्दलीब
देखा नहीं कि ख़ारे अलम है ख़याले गुल

देखा था ख़्वाबे ख़ारे ह़रम अ़न्दलीब ने
खटका किया है आंख में शब भर ख़याले गुल

उन दो का सदक़ा जिन को कहा मेरे फूल हैं
कीजे रज़ा को ह़श्र में ख़न्दां मिसाले गुल

सर ता ब क़दम है तने सुल्ताने ज़मन फूल

सर ता ब क़दम है तने सुल्ताने ज़मन फूल
लब फूल दहन फूल ज़क़न फूल बदन फूल

सदके़ में तेरे बाग़ तो क्या लाए हैं "बन" फूल
इस ग़ुन्चए दिल को भी तो ईमा हो कि बन फूल

तिन्का भी हमारे तो हिलाए नहीं हिलता
तुम चाहो तो हो जाए अभी कोहे मिह़न फूल

वल्लाह जो मिल जाए मेरे गुल का पसीना
मांगे न कभी इत्र न फिर चाहे दुल्हन फूल

दिल बस्ता व ख़ूं गश्ता न ख़ुशबू न लत़ाफ़त
क्यूं ग़ुन्चा कहूं है मेरे आक़ा का दहन फूल

शब याद थी किन दांतों की शबनम कि दमे सुब्ह़
शोख़ाने बहारी के जड़ाऊ है करन फूल

दन्दानो लबो ज़ुल्फ़ो रुख़े शह के फ़िदाई
हैं दुर्रे अ़दन, ला'ले यमन, मुश्के ख़ुतन फूल

बू हो के निहां हो गए ताबे रुख़े शह में
लो बन गए हैं अब तो ह़सीनों का दहन फूल

हों बारे गुनह से न ख़जिल दोशे अ़ज़ीज़ां
लिल्लाह मेरी ना'श कर ऐ जाने चमन फूल

दिल अपना भी शैदाई है उस नाख़ुने पा का
इतना भी महे नौ पे न ऐ चर्खे़ कुहन ! फूल

दिल खोल के ख़ूं रो ले ग़मे आ़रिज़े शह में
निकले तो कहीं ह़स्रते ख़ूं नाबह शदन फूल

क्या ग़ाज़ा मला गर्दे मदीना का जो है आज
निखरे हुए जोबन में क़ियामत की फबन फूल

गरमी येह क़ियामत है कि कांटे हैं ज़बां पर
बुलबुल को भी ऐ साक़िये सहबा व लबन फूल

है कौन कि गिर्या करे या फ़ातिह़ा को आए
बेकस के उठाए तेरी रह़मत के भरन फूल

दिल ग़म तुझे घेरे हैं ख़ुदा तुझ को वोह चमकाए
सूरज तेरे ख़िरमन को बने तेरी किरन फूल

क्या बात रज़ा उस च-मनिस्ताने करम की
ज़हरा है कली जिस में हुसैन और ह़सन फूल

है कलामे इलाही में शम्सो दुहा तेरे चेह्रए नूर फ़ज़ा की क़सम

है कलामे इलाही में शम्सो दुहा तेरे चेह्रए नूर फ़ज़ा की क़सम
क़-समे शबे तार में राज़ येह था कि हबीब की ज़ुल्फ़े दोता की क़सम

तेरे ख़ुल्क़ को हक़ ने अज़ीम कहा तेरी ख़िल्क़ को हक़ ने जमील किया
कोई तुझ सा हुवा है न होगा शहा तेरे ख़ालिक़े हुस्नो अदा की क़सम

वोह ख़ुदा ने है मर्तबा तुझ को दिया न किसी को मिले न किसी को मिला
कि कलामे मजीद ने खाई शहा तेरे शहरो[1] कलामो[2] बक़ा[3] की क़सम

---

1 : قَالَ اللّٰهُ تَعَالٰی: "لَآ اُقْسِمُ بِهٰذَا الْبَلَدِo وَاَنْتَ حِلٌّۢ بِهٰذَا الْبَلَدِ" मुझे इस शहरे मक्का की क़सम है इस लिये कि ऐ महबूब तू इस में तशरीफ़ फ़रमा है ।12

2 : قَالَ اللّٰهُ تَعَالٰی: "وَقِيْلِهٖ يٰرَبِّ اِنَّ هٰٓؤُلَآءِ قَوْمٌ لَّا يُؤْمِنُوْنَo" मुझे रसूल के इस कहने की क़सम है कि ऐ मेरे रब येह लोग ईमान नहीं लाते ।12

3 : قَالَ اللّٰهُ تَعَالٰی: "لَعَمْرُكَ اِنَّهُمْ لَفِيْ سَكْرَتِهِمْ يَعْمَهُوْنَo" ऐ महबूब मुझे तेरी जान की क़सम कि येह काफ़िर अपने नशे में अन्धे हो रहे हैं ।12

तेरा मस्नदे नाज़ है अ़र्शे बरीं तेरा महूरमे राज़ है रूहे अमीं
तू ही सरवरे हर दो जहां है शहा तेरा मिस्ल नहीं है ख़ुदा की क़सम

येही अ़र्ज़ है ख़ालिक़े अर्ज़ो समा वोह रसूल हैं तेरे मैं बन्दा तेरा
मुझे उन के जवार में दे वोह जगह कि है ख़ुल्द को जिस की सफ़ा की क़सम

तू ही बन्दों पे करता है लुत़्फ़ो अ़त़ा है तुझी पे भरोसा तुझी से दुआ़
मुझे जल्वए पाके रसूल दिखा तुझे अपने ही इ़ज़्ज़ो अ़ला की क़सम

मेरे गर्चे गुनाह हैं ह़द से सिवा मगर उन से उमीद है तुझ से रजा
तू रह़ीम है उन का करम है गवा वोह करीम हैं तेरी अ़त़ा की क़सम

येही कहती है बुलबुले बाग़े जिनां कि रज़ा की त़रह़ कोई सेह़र बयां
नहीं हिन्द में वासिफ़े शाहे हुदा मुझे शोख़िये त़ब्ए़ रज़ा की क़सम

पाट वोह कुछ धार येह कुछ ज़ार हम

पाट वोह कुछ धार येह कुछ ज़ार हम
या इलाही क्यूंकर उतरें पार हम

किस बला की मै से हैं सरशार हम
दिन ढला होते नहीं हुशियार हम

तुम करम से मुश्तरी हर ऐब के
जिन्से ना मक़्बूले हर बाज़ार हम

दुश्मनों की आंख में भी फूल तुम
दोस्तों की भी नज़र में ख़ार हम

लग़्ज़िशे पा का सहारा एक तुम
गिरने वाले लाखों ना हन्जार हम

सदक़ा अपने बाज़ूओं का अल मदद
कैसे तोड़ें येह बुते पिन्दार हम

दम क़दम की ख़ैर ऐ जाने मसीह़
दर पे लाए हैं दिले बीमार हम

अपनी रह़मत की त़रफ़ देखें हु़ज़ूर
जानते हैं जैसे हैं बदकार हम

अपने मेहमानों का सदक़ा एक बूंद
मर मिटे प्यासे इधर सरकार हम

अपने कूचे से निकाला तो न दो
हैं तो ह़द भर के ख़ुदाई ख़्वार हम

हाथ उठा कर एक टुकड़ा ऐ करीम
हैं सख़ी के माल में ह़क़दार हम

चांदनी छटकी है उन के नूर की
आओ देखें सैरे तूरो नार हम

हिम्मत ऐ ज़ो'फ़ उन के दर पर गिर के हों
बे तकल्लुफ़ सायए दीवार हम

बा अ़त़ा तुम शाह तुम मुख़्तार तुम
बे नवा हम ज़ार हम नाचार हम

तुम ने तो लाखों को जानें फेर दीं
ऐसा कितना रखते हैं आज़ार हम

अपनी सत्तारी का या रब वासिता
हों न रुस्वा बर सरे दरबार हम

इतनी अ़र्ज़े आख़िरी कह दो कोई
नाव टूटी आ पड़े मंजधार हम

मुंह भी देखा है किसी के अ़फ़्व का
देख ओ इ़स्यां नहीं बे यार हम

मैं निसार ऐसा मुसल्मां कीजिये
तोड़ डालें नफ़्स का जुन्नार हम

कब से फैलाए हैं दामन तैग़े इ़श्क़
अब तो पाएं ज़ख़्म दामन दार हम

सुन्नियत से खटके सब की आंख में
फूल हो कर बन गए क्या ख़ार हम

ना तुवानी का भला हो बन गए
नक़्शे पाए ता़लिबाने यार हम

दिल के टुकड़े नज़्रे ह़ाज़िर लाए हैं
ऐ सगाने कूचए दिलदार हम

क़िस्मते सौरो हि़रा की हि़र्स है
चाहते हैं दिल में गहरा ग़ार हम

चश्म पोशी व करम शाने शुमा
कारे मा बेबाकी व इसरार हम

फ़स्ले गुल सब्ज़ा सबा मस्ती शबाब
छोड़ें किस दिल से दरे ख़ुम्मार हम

मै-कदा छुटता है लिल्लाह साक़िया
अब के साग़र से न हों हुशियार हम

साक़िये तस्नीम जब तक आ न जाएं
ऐ सियह मस्ती न हों हुशियार हम

नाज़िशें करते हैं आपस में मलक
हैं ग़ुलामाने शहे अबरार हम

लुत़्फ़ अज़ ख़ुद रफ़्तगी या रब नसीब
हों शहीदे जल्वए रफ़्तार हम

उन के आगे दा'वए हस्ती रज़ा
क्या बके जाता है येह हर बार हम

आ़रिजे़ शम्सो क़मर से भी हैं अन्वर एड़ियां

आ़रिजे़ शम्सो क़मर से भी हैं अन्वर एड़ियां
अ़र्श की आंखों के तारे हैं वोह खु़शतर एड़ियां

जा बजा परतौ फ़िगन हैं आस्मां पर एड़ियां
दिन को हैं खु़रशीद शब को माहो अख़्तर एड़ियां

नज्मे गर्दूं तो नज़र आते हैं छोटे और वोह पाउं
अ़र्श पर फिर क्यूं न हों महसूस लाग़र एड़ियां

दब के ज़ेरे पा न गुन्जाइश समाने को रही
बन गया जल्वा कफ़े पा का उभर कर एड़ियां

उन का मंगता पाउं से ठुकरा दे वोह दुन्या का ताज
जिस की ख़ाति़र मर गए मुन्अ़म रगड़ कर एड़ियां

दो क़मर, दो पन्जए खु़र, दो सितारे, दस हिलाल
उन के तल्वे, पन्जे, नाखु़न, पाए अत़्हर एड़ियां

हाए उस पथ्थर से उस सीने की क़िस्मत फोड़िये
बे तकल्लुफ़ जिस के दिल में यूं करें घर एड़ियां

ताजे रूहुल कुद्स के मोती जिसे सज्दा करें
रखती हैं वल्लाह वोह पाकीज़ा गौहर एड़ियां

एक ठोकर में उहुद का ज़ल्ज़ला जाता रहा
रखती हैं कितना वक़ार अल्लाहु अक्बर एड़ियां

चर्ख़ पर चढ़ते ही चांदी में सियाही आ गई
कर चुकी हैं बद्र को टक्साल बाहर एड़ियां

ऐ रज़ा तूफ़ाने मह़शर के त़लातुम से न डर
शाद हो ! हैं कश्तिये उम्मत को लंगर एड़ियां

इश्के़ मौला में हो ख़ूंबार कनारे दामन

इश्के़ मौला में हो ख़ूंबार कनारे दामन
या ख़ुदा जल्द कहीं आए बहारे दामन

बह चली आंख भी अश्कों की त़रह़ दामन पर
कि नहीं तारे नज़र जुज़ दो सेह तारे दामन

अश्क बरसाऊं चले कूचए जानां से नसीम
या ख़ुदा जल्द कहीं निकले बुख़ारे दामन

दिल शुदों का येह हुवा दामने अत़्हर पे हुजूम
बे-दिलआबाद हुवा नामे दियारे दामन

मुश्क सा ज़ुल्फ़े शहो नूर फ़शां रूए हुज़ूर
अल्लाह अल्लाह ह़-लबे जेबो ततारे दामन

तुझ से ऐ गुल मैं सितम दीदए दश्ते ह़िरमां
ख़लिशे दिल की कहूं या ग़मे ख़ारे दामन

अ़क्स अफ़्गन है हिलाले लबे शह जेब नहीं
मेहरे आ़रिज़ की शुआ़एं हैं न तारे दामन

अश्क कहते हैं येह शैदाई की आंखें धो कर
ऐ अदब गर्दे नज़र हो न गुबारे दामन

ऐ रज़ा आह वोह बुलबुल कि नज़र में जिस की
जल्वए जेबे गुल आए न बहारे दामन

शौक़ व इश्तियाक़

ह़ज़रते ख़ालिद बिन मे'दान رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ हर रात जब अपने बिस्तर पर लैटते तो इन्तिहाई शौक़ व इश्तियाक़ के साथ हुज़ूर صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم और आप के अस्ह़ाब को नाम ले ले कर याद करते और येह दुआ़ मांगते कि या अल्लाह ! मेरा दिल इन ह़ज़रात की मह़ब्बत में बे क़रार है और मेरा इश्तियाक़ अब ह़द से बढ़ चुका है लिहाज़ा तू मुझे जल्द वफ़ात दे कर इन लोगों के पास पहुंचा दे और येही कहते कहते उन को नींद आ जाती थी। (الشفاء،ج۲، ص ۲۱)

रश्के क़मर हूं रंगे रुख़े आफ़्ताब हूं

रश्के क़मर हूं रंगे रुख़े आफ़्ताब हूं
ज़र्रा तेरा जो ऐ शहे गर्दूं जनाब हूं

दुर्रे नजफ़ हूं गौहरे पाके ख़ुशाब हूं
या'नी तुराबे रह गु-ज़रे बू तुराब हूं

गर आंख हूं तो अब्र की चश्मे पुरआब हूं
दिल हूं तो बर्क़ का दिले पुर इज़्तिराब हूं

ख़ूनीं जिगर हूं ताइरे बे आशियां शहा
रंगे परीदए रुख़े गुल का जवाब हूं

बे अस्लो बे सबात हूं बहूरे करम मदद
परवर्दए कनारे सराबो हबाब हूं

इब्रत फ़ज़ा है शर्मे गुनह से मेरा सुकूत
गोया लबे ख़मोशे लहद का जवाब हूं

क्यूं नाला सोज़ ले करूं क्यूं ख़ूने दिल पियूं
सीख़े कबाब हूं न मैं जामे शराब हूं

दिल बस्ता बे क़रार, जिगर चाक, अश्कबार
गुन्चा हूं गुल हूं बर्क़े तपां हूं सहाब हूं

दा'वा है सब से तेरी शफ़ाअ़त पे बेश्तर
दफ़्तर में आ़सियों के शहा इन्तिख़ाब हूं

मौला दुहाई नज़रों से गिर कर जला गुलाम
अश्के मुज़ह रसीदए चश्मे कबाब हूं

मिट जाए येह ख़ुदी तो वोह जल्वा कहां नहीं
दर्दा में आप अपनी नज़र का हिजाब हूं

सदक़े हूं उस पे नार से देगा जो मख़्लसी
बुलबुल नहीं कि आतशे गुल पर कबाब हूं

क़ालिब तही किये हमा आग़ोश है हिलाल
ऐ शह-सवारे त़यबा ! मैं तेरी रिकाब हूं

क्या क्या हैं तुझ से नाज़ तेरे क़स्र को कि मैं
का'बे की जान, अ़र्शे बरीं का जवाब हूं

शाहा बुझे सक़र मेरे अश्कों से ता न मैं
आबे अ़बस चकीदए चश्मे कबाब हूं

मैं तो कहा ही चाहूं कि बन्दा हूं शाह का
पर लुत़्फ़ जब है कह दें अगर वोह जनाब "हूं"

ह़सरत में ख़ाक बोसिये त़यबा की ऐ रज़ा
टपका जो चश्मे मेह्‌र से वोह ख़ूने नाब हूं

पूछते क्या हो अ़र्श पर यूं गए मुस्त़फ़ा कि यूं

पूछते क्या हो अ़र्श पर यूं गए मुस्त़फ़ा कि यूं
कैफ़ के पर जहां जले कोई बताए क्या कि यूं

क़स्रे दना के राज़ में अ़क़्लें तो गुम हैं जैसी हैं
रुहे़ क़ुदुस से पूछिये तुम ने भी कुछ सुना कि यूं

मैं ने कहा कि जल्वए अस्ल में किस त़रह़ गुमें
सुब्ह़ ने नूरे मेह्र में मिट के दिखा दिया कि यूं

हाए रे ज़ौक़े बे ख़ुदी दिल जो संभलने सा लगा
छक के महक में फूल की गिरने लगी सबा कि यूं

दिल को दे नूरो दाग़े इ़श्क़ फिर मैं फ़िदा दो नीम कर
माना है सुन के शक़्क़े माह आंखों से अब दिखा कि यूं

दिल को है फ़िक्र किस त़रह़ मुर्दे जिलाते हैं हुज़ूर
ऐ मैं फ़िदा लगा कर एक ठोकर इसे बता कि यूं

बाग़ में शुक्रे वस्ल था हिज्र में हाए हाए गुल
काम है उन के ज़िक्र से ख़ैर वोह यूं हुवा कि यूं

जो कहे शे'रो पासे शर-अ़ दोनों का हुस्न क्यूंकर आए
ला उसे पेशे जल्वए ज़म-ज़-मए रज़ा कि यूं

फिर के गली गली तबाह ठोकरें सब की खाए क्यूं

फिर के गली गली तबाह ठोकरें सब की खाए क्यूं
दिल को जो अ़क़्ल दे ख़ुदा तेरी गली से जाए क्यूं

रुख़्सते क़ाफ़िला का शोर ग़श से हमें उठाए क्यूं
सोते हैं उन के साए में कोई हमें जगाए क्यूं

बार न थे ह़बीब को पालते ही ग़रीब को
रोएं जो अब नसीब को चैन कहो गंवाए क्यूं

यादे हुज़ूर की क़सम ग़फ़्लते ऐ़श है सितम
ख़ूब हैं क़ैदे ग़म में हम कोई हमें छुड़ाए क्यूं

देख के ह़ज़रते ग़नी फैल पड़े फ़क़ीर भी
छाई है अब तो छाउनी ह़श्र ही आ न जाए क्यूं

जान है इ़श्क़े मुस्त़फ़ा रोज़ फ़ुज़ूं करे ख़ुदा
जिस को हो दर्द का मज़ा नाज़े दवा उठाए क्यूं

हम तो हैं आप दिल-फ़िगार ग़म में हंसी है ना गवार
छेड़ के गुल को नौ बहार ख़ून हमें रुलाए क्यूं

या तो यूं ही तड़प के जाएं या वोही दाम से छुड़ाएं
मिन्नते ग़ैर क्यूं उठाएं कोई तरस जताए क्यूं

उन के जलाल का असर दिल से लगाए है क़मर
जो कि हो लोट ज़ख़्म पर दाग़े जिगर मिटाए क्यूं

खुश रहे गुल से अन्दलीब ख़ारे हरम मुझे नसीब
मेरी बला भी ज़िक्र पर फूल के ख़ार खाए क्यूं

गर्दे मलाल अगर धुले दिल की कली अगर खिले
बर्क़ से आंख क्यूं जले रोने पे मुस्कुराए क्यूं

जाने सफ़र नसीब को किस ने कहा मज़े से सो
खटका अगर सहर का हो शाम से मौत आए क्यूं

अब तो न रोक ऐ ग़नी आदते सग बिगड़ गई
मेरे करीम पहले ही लुक़्मए तर खिलाए क्यूं

राहे नबी में क्या कमी फ़र्शे बयाज़ दीदा की
चादरे ज़िल है मल्गजी ज़ेरे क़दम बिछाए क्यूं

संगे दरे हुज़ूर से हम को ख़ुदा न सब्र दे
जाना है सर को जा चुके दिल को क़रार आए क्यूं

है तो रज़ा निरा सितम जुर्म पे गर लजाएं हम
कोई बजाए सोज़े ग़म साज़े तरब बजाए क्यूं

यादे वत़न सितम किया दश्ते ह़रम से लाई क्यूं

यादे वत़न सितम किया दश्ते ह़रम से लाई क्यूं
बैठे बिठाए बद नसीब सर पे बला उठाई क्यूं

दिल में तो चोट थी दबी हाए ग़ज़ब उभर गई
पूछो तो आहे सर्द से ठन्डी हवा चलाई क्यूं

छोड़ के उस ह़रम को आप बन में ठगों के आ बसो
फिर कहो सर पे धर के हाथ लुट गई सब कमाई क्यूं

बाग़े अ़रब का सर्वे नाज़ देख लिया है वरना आज
कु़म्रिये जाने ग़मज़दा गूंज के चह-चहाई क्यूं

नामे मदीना ले दिया चलने लगी नसीमे खु़ल्द
सोज़िशे ग़म को हम ने भी कैसी हवा बताई क्यूं

किस की निगाह की ह़या फिरती है मेरी आंख में
नरगिसे मस्त नाज़ ने मुझ से नज़र चुराई क्यूं

तूने तो कर दिया त़बीब आतशे सीना का इ़लाज
आज के दूदे आह में बूए कबाब आई क्यूं

फ़िक्रे मआ़श बद बला होले मआ़द जां गुज़ा
लाखों बला में फंसने को रूह़ बदन में आई क्यूं

हो न हो आज कुछ मेरा ज़िक्र हुज़ूर में हुवा
वरना मेरी त़रफ़ ख़ुशी देख के मुस्कुराई क्यूं

हूरे जिनां सितम किया त़यबा नज़र में फिर गया
छेड़ के पर्दए ह़िजाज़ देस की चीज़ गाई क्यूं

ग़फ़्लते शैख़ो शाब पर हंसते हैं त़िफ़्ले शीर ख़्वार
करने को गुदगुदी अ़बस आने लगी बहाई क्यूं

अ़र्ज़ करूं हुज़ूर से दिल की तो मेरे ख़ैर है
पीटती सर को आरज़ू दश्ते ह़रम से आई क्यूं

ह़स्रते नौ का सानिह़ा सुनते ही दिल बिगड़ गया
ऐसे मरीज़ को रज़ा मर्गे जवां सुनाई क्यूं

अहले सिरात् रूहे अमीं को ख़बर करें

अहले सिरात् रूहे अमीं को ख़बर करें
जाती है उम्मते न-बवी फ़र्श पर करें

इन फ़ितनाहाए हश्र से कह दो हज़र करें
नाज़ों के पाले आते हैं रह से गुज़र करें

बद हैं तो आप के हैं भले हैं तो आप के
टुकड़ों से तो यहां के पले रुख़ किधर करें

सरकार हम कमीनों के अत्वार पर न जाएं
आक़ा हुज़ूर अपने करम पर नज़र करें

उन की हरम के ख़ार कशीदा हैं किस लिये
आंखों में आएं सर पे रहें दिल में घर करें

जालों पे जाल पड़ गए लिल्लाह वक़्त है
मुश्किल कुशाई आप के नाख़ुन अगर करें

मन्ज़िल कड़ी है शाने तबस्सुम करम करे
तारों की छाउं नूर के तड़के सफ़र करें

किल्के रज़ा है ख़न्जरे ख़ूंख़ार बर्क़-बार
आ'दा से कह दो ख़ैर मनाएं न शर करें

वोह सूए लालाज़ार फिरते हैं

वोह सूए लालाज़ार फिरते हैं
तेरे दिन ऐ बहार फिरते हैं

जो तेरे दर से यार फिरते हैं
दर बदर यूं ही ख़्वार फिरते हैं

आह कल ऐ़श तो किये हम ने
आज वोह बे क़रार फिरते हैं

उन के ईमा से दोनों बागों पर
खै़ले लैलो नहार फिरते हैं

हर चरागे़ मज़ार पर कुदसी
कैसे परवाना-वार फिरते हैं

उस गली का गदा हूं मैं जिस में
मांगते ताजदार फिरते हैं

जान हैं जान क्या नज़र आए
क्यूं अ़दू गिर्दे ग़ार फिरते हैं

फूल क्या देखूं मेरी आंखों में
दश्ते त़यबा के ख़ार फिरते हैं

लाखों कुदसी हैं कामे ख़िदमत पर
लाखों गिर्दे मज़ार फिरते हैं ق

वर्दियां बोलते हैं हरकारे
पहरा देते सुवार फिरते हैं

रखिये जैसे हैं ख़ानाज़ाद हैं हम
मोल के ऐबदार फिरते हैं

हाए ग़ाफ़िल वोह क्या जगह है जहां
पांच जाते हैं चार फिरते हैं

बाएं रस्ते न जा मुसाफ़िर सुन
माल है राह-मार फिरते हैं

जाग सुनसान बन है रात आई
गुर्ग बहरे शिकार फिरते हैं

नफ़्स येह कोई चाल है ज़ालिम
जैसे ख़ासे बिजार फिरते हैं

कोई क्यूं पूछे तेरी बात रज़ा
तुझ से कुत्ते हज़ार फिरते हैं

उन की महक ने दिल के ग़ुन्चे खिला दिये हैं

उन की महक ने दिल के ग़ुन्चे खिला दिये हैं
जिस राह चल गए हैं कूचे बसा दिये हैं

जब आ गई है जोशे रह़मत पे उन की आंखें
जलते बुझा दिये हैं रोते हंसा दिये हैं

इक दिल हमारा क्या है आज़ार इस का कितना
तुम ने तो चलते फिरते मुर्दे जिला दिये हैं

उन के निसार कोई कैसे ही रन्ज में हो
जब याद आ गए हैं सब ग़म भुला दिये हैं

हम से फ़क़ीर भी अब फेरी को उठते होंगे
अब तो ग़नी के दर पर बिस्तर जमा दिये हैं

असरा में गुज़रे जिस दम बेड़े पे क़ुदसियों के
होने लगी सलामी परचम झुका दिये हैं

आने दो या डुबो दो अब तो तुम्हारी जानिब
कश्ती तुम्हीं पे छोड़ी लंगर उठा दिये हैं

दूल्हा से इतना कह दो प्यारे सुवारी रोको
मुश्किल में हैं बराती पुरख़ार बादिये हैं

अल्लाह क्या जहन्नम अब भी न सर्द होगा
रो रो के मुस्त़फ़ा ने दरिया बहा दिये हैं

मेरे करीम से गर क़त़रा किसी ने मांगा
दरिया बहा दिये हैं दुर बे बहा दिये हैं

मुल्के सुख़न की शाही तुम को रज़ा मुसल्लम
जिस सम्त आ गए हो सिक्के बिठा दिये हैं

है लबे ईसा से जां बख़्शी निराली हाथ में

है लबे ईसा से जां बख़्शी निराली हाथ में
संगरेज़े पाते हैं शीरीं मक़ाली हाथ में

बे नवाओं की निगाहें हैं कहां तह्रीरे दस्त
रह गईं जो पा के जूदे ला यज़ाली हाथ में

क्या लकीरों में यदुल्लाह ख़त़ सरो आसा लिखा
राह यूं उस राज़ लिखने की निकाली हाथ में

जूदे शाहे कौसर अपने प्यासों का जूया है आप
क्या अ़जब उड़ कर जो आप आए पियाली हाथ में

अब्रे नैसां मोमिनों को तैग़े उ़र्यां कुफ़्र पर
जम्अ़ हैं शाने जमाली व जलाली हाथ में

मालिके कौनैन हैं गो पास कुछ रखते नहीं
दो जहां की ने'मतें हैं इन के ख़ाली हाथ में

साया अफ़्गन सर पे हो परचम इलाही झूम कर
जब लिवाउल ह़म्द ले उम्मत का वाली हाथ में

हर ख़ते कफ़ है यहां ऐ दस्ते बैज़ाए कलीम
मोज-ज़न दरियाए नूरे बे मिसाली हाथ में

वोह गिरां संगिये क़दरे मस वोह इरज़ानिये ज़ूद
नौइया बदला किये संगो लआली हाथ में

दस्त-गीरे हर दो आलम कर दिया सिब्तैन को
ऐ मैं कुरबां जाने जां अंगुश्त क्या ली हाथ में

आह वोह आलम कि आंखें बन्द और लब पर दुरूद
वक़्फ़ संगे दर जबीं रौज़े की जाली हाथ में

जिस ने बैअत की बहारे हुस्न पर कुरबां रहा
हैं लकीरें नक़्श तस्वीरे जमाली हाथ में

काश हो जाऊं लबे कौसर मैं यूं वारफ़्ता होश ق
ले कर उस जाने करम का ज़ैल आली हाथ में

आंख मह्वे जल्वए दीदार दिल पुर जोशे वज्द
लब पे शुक्रे बख़्शिशे साक़ी पियाली हाथ में

हश्र में क्या क्या मज़े वारफ़्तगी के लूं रज़ा
लौट जाऊं पा के वोह दामाने आली हाथ में

राहे इरफ़ां से जो हम ना-दीदा रू महरम नहीं

राहे इरफ़ां से जो हम ना-दीदा रू महरम नहीं
मुस्तफ़ा है मस्नदे इर्शाद पर कुछ ग़म नहीं

हूं मुसल्मां गर्चे नाक़िस ही सही ऐ कामिलो !
माहियत पानी की आख़िर यम से नम में कम नहीं

ग़ुन्चे मा औहा के जो चटके दना के बाग़ में
बुलबुले सिदरा तक उन की बू से भी महरम नहीं

उस में ज़म ज़म[1] है कि थम थम इस में जम जम[2] है कि बेश
कस्रते कौसर में ज़म ज़म की तरह कम कम[3] नहीं

---

1 : "ज़म ज़म" के मा'ना सुरयानी ज़बान में थम थम जब येह चश्मा ज़मीन से उबला हज़रते हाजिरा वालिदए सय्यिदुना इस्माईल عَلَيۡهِمَا السَّلَام ने इस ख़ौफ़ से कि पानी रैते में मिल कर ख़ुश्क न हो जाए एक दाएरा खींच कर फ़रमाया : ज़म ज़म, ठहर ! ठहर ! वोह उसी दाएरे में रह कर कूंआं हो गया। हदीस में फ़रमाया कि वोह न रोकतीं तो समुन्दर हो जाता।12
2 : "जम जम" ब ज़बाने अ-रबी या'नी कसीर, कसीर कौसर से मुश्तक़ है।12
3 : मिक्दार से सुवाल या'नी कितना कितना।12

पन्जए मेहरे अ़रब है जिस से दरिया बह गए
चश्मए ख़ुरशीद में तो नाम को भी नम नहीं

ऐसा उम्मी किस लिये मिन्नते कशे उस्ताद हो
क्या किफ़ायत उस को اِقْرَأْ رَبُّكَ الْاَكْرَم नहीं

ओस मेहरे ह़श्र पर पड़ जाए प्यासो तो सही
उस गुले ख़न्दां का रोना गिर्यए शबनम नहीं

है उन्हीं के दम क़दम की बाग़े आ़लम में बहार
वोह न थे आ़लम न था गर वोह न हों आ़लम नहीं

सायए दीवारो ख़ाके दर हो या रब और रज़ा
ख़्वाहिशे दैहीमे क़ैसर, शौक़े तख़्ते जम नहीं

वोह कमाले हुस्ने हुज़ूर है
कि गुमाने नक़्स जहां नहीं

वोह कमाले हुस्ने हुज़ूर है कि गुमाने नक़्स जहां नहीं
येही फूल ख़ार से दूर है येही शम्अ़ है कि धुवां नहीं

दो जहां की बेहतरियां नहीं कि अमानिये दिलो जां नहीं
कहो क्या है वोह जो यहां नहीं मगर इक नहीं कि वोह हां नहीं

मैं निसार तेरे कलाम पर मिली यूं तो किस को ज़बां नहीं
वोह सुख़न है जिस में सुख़न न हो वोह बयां है जिस का बयां नहीं

बख़ुदा ख़ुदा का येही है दर नहीं और कोई मफ़र मक़र
जो वहां से हो यहीं आ के हो जो यहां नहीं तो वहां नहीं

करे मुस्तफ़ा की इहानतें खुले बन्दों उस पे येह जुरअतें
कि मैं क्या नहीं हूं मुह़म्मदी! अरे हां नहीं अरे हां नहीं

तेरे आगे यूं हैं दबे लचे फ़ु-सहा अ़रब के बड़े बड़े
कोई जाने मुंह में ज़बां नहीं, नहीं बल्कि जिस्म में जां नहीं

वोह शरफ़ कि क़त्अ़ हैं निस्बतें वोह करम कि सब से क़रीब हैं
कोई कह दो यासो उमीद से वोह कहीं नहीं वोह कहां नहीं

येह नहीं कि ख़ुल्द न हो निकू वोह निकूई की भी है आबरू
मगर ऐ मदीने की आरज़ू जिसे चाहे तू वोह समां नहीं

है उन्हीं के नूर से सब इ़यां है उन्हीं के जल्वे में सब निहां
बने सुब्ह़ ताबिशे मेह्र से रहे पेशे मेह्र येह जां नहीं

वोही नूरे ह़क़ वोही ज़िल्ले रब है उन्हीं से सब है उन्हीं का सब
नहीं उन की मिल्क में आस्मां कि ज़मीं नहीं कि ज़मां नहीं

वोही ला मकां के मकीं हुए सरे अ़र्श तख़्त नशीं हुए
वोह नबी है जिस के हैं येह मकां वोह ख़ुदा है जिस का मकां नहीं

सरे अ़र्श पर है तेरी गुज़र दिले फ़र्श पर है तेरी नज़र
म–लकूतो मुल्क में कोई शै नहीं वोह जो तुझ पे इयां नहीं

करूं तेरे नाम पे जां फ़िदा न बस एक जां दो जहां फ़िदा
दो जहां से भी नहीं जी भरा करूं क्या करोरों जहां नहीं

तेरा क़द तो नादिरे दहर है कोई मिस्ल हो तो मिसाल दे
नहीं गुल के पौदों में डालियां कि चमन में सर्वे चमां नहीं

नहीं जिस के रंग का दूसरा न तो हो कोई न कभी हुवा
कहो उस को गुल कहे क्या बनी कि गुलों का ढेर कहां नहीं

करूं मद्हे अहले दुवल रज़ा पड़े इस बला में मेरी बला
मैं गदा हूं अपने करीम का मेरा दीन पारए नां नहीं

रुख़ दिन है या मेहरे समा येह भी नहीं वोह भी नहीं

रुख़ दिन है या मेहरे समा येह भी नहीं वोह भी नहीं
शब ज़ुल्फ़ या मुश्के ख़ुता येह भी नहीं वोह भी नहीं

मुम्किन में येह क़ुदरत कहां वाजिब में अ़ब्दिय्यत कहां
हैरां हूं येह भी है ख़ता येह भी नहीं वोह भी नहीं

ह़क़ येह कि हैं अ़ब्दे इलाह और आ़लमे इम्कां के शाह
बरज़ख़ हैं वोह सिर्रे ख़ुदा येह भी नहीं वोह भी नहीं

बुलबुल ने गुल उन को कहा क़ुमरी ने सर्वे जां फ़िज़ा
हैरत ने झुंझला कर कहा येह भी नहीं वोह भी नहीं

ख़ुरशीद था किस ज़ोर पर क्या बढ़ के चमका था क़मर
बे पर्दा जब वोह रुख़ हुवा येह भी नहीं वोह भी नहीं

डर था कि इस्यां की सज़ा अब होगी या रोज़े जज़ा
दी उन की रह़मत ने सदा येह भी नहीं वोह भी नहीं

कोई है नाज़ां ज़ोहद पर या हुस्ने तौबा है सिपर
यां है फ़क़त् तेरी अ़ता येह भी नहीं वोह भी नहीं

दिन लह्व में खोना तुझे शब सुब्ह् तक सोना तुझे
शर्मे नबी ख़ौफ़े ख़ुदा येह भी नहीं वोह भी नहीं

रिज़्क़े ख़ुदा खाया किया फ़रमाने ह़क़ टाला किया
शुक्रे करम तर्से सज़ा येह भी नहीं वोह भी नहीं

है बुलबुले रंगीं रज़ा या तूति़ये नग़्मा सरा
ह़क़ येह कि वासिफ़ है तेरा येह भी नहीं वोह भी नहीं

वस्फ़े रुख़ उन का किया करते हैं

वस्फ़े रुख़ उन का किया करते हैं शर्हे़ वश्शम्सु दुह़ा करते हैं
उन की हम मद्ह़ो सना करते हैं जिन को मह़मूद कहा करते हैं

माहे शक़ गश्ता की सूरत देखो कांप कर मेह्र की रज्अ़त देखो
मुस्त़फ़ा प्यारे की क़ुदरत देखो कैसे ए'जाज़ हुवा करते हैं

तू है ख़ुरशीदे रिसालत प्यारे छुप गए तेरी ज़िया में तारे
अम्बिया और हैं सब मह-पारे तुझ से ही नूर लिया करते हैं

ऐ बला बे ख़ि-रदिये कुफ़्फ़ार रखते हैं ऐसे के ह़क़ में इन्कार
कि गवाही हो गर उस को दरकार बे ज़बां बोल उठा करते हैं

अपने मौला की है बस शान अ़ज़ीम जानवर भी करें जिन की ता'ज़ीम
संग करते हैं अदब से तस्लीम पेड़ सज्दे में गिरा करते हैं

रिफ़्अ़ते ज़िक्र है तेरा ह़िस्सा दोनों आ़लम में है तेरा चरचा
मुर्ग़े फ़िरदौस पस अज़ ह़म्दे ख़ुदा तेरी ही मद्ह़ो सना करते हैं

उंग्लियां पाईं वोह प्यारी प्यारी जिन से दरियाए करम हैं जारी
जोश पर आती है जब ग़म ख़्वारी तिश्ने सैराब हुवा करते हैं

हां यहीं करती हैं चिड़ियां फ़रियाद हां यहीं चाहती है हरनी दाद
इसी दर पर शु-तराने नाशाद गिलए रन्जो अ़ना करते हैं

आस्तीं रह़मते आ़लम उलटे क-मरे पाक पे दामन बांधे
गिरने वालों को चहे दोज़ख़ से साफ़ अलग खींच लिया करते हैं

जब सबा आती है त़यबा से इधर खिलखिला पड़ती हैं कलियां यक्सर
फूल जामे से निकल कर बाहर रुख़े रंगीं की सना करते हैं

तू है वोह बादशहे कौनो मकां कि मलक हफ़्त फ़लक के हर आं
तेरे मौला से शहे अ़र्श ऐवां तेरी दौलत की दुआ़ करते हैं

जिस के जल्वे से उहुद है ताबां मा'दिने नूर है इस का दामां
हम भी उस चांद पे हो कर क़ुरबां दिले संगीं की जिला करते हैं

क्यूं न ज़ैबा हो तुझे ताज-वरी तेरे ही दम की है सब जल्वा गरी
म-लको जिन्नो बशर हूरो परी जान सब तुझ पे फ़िदा करते हैं

टूट पड़ती हैं बलाएं जिन पर जिन को मिलता नहीं कोई यावर
हर त़रफ़ से वोह पुर-अरमां फिर कर उन के दामन में छुपा करते हैं

लब पर आ जाता है जब नामे जनाब मुंह में घुल जाता है शहदे नायाब
वज्द में हो के हम ऐ जां बेताब अपने लब चूम लिया करते हैं

लब पे किस मुंह से ग़मे उल्फ़त लाएं क्या बला दिल है अलम जिस का सुनाएं
हम तो उन के कफ़े पा पर मिट जाएं उन के दर पर जो मिटा करते हैं

अपने दिल का है उन्हीं से आराम सोंपे हैं अपने उन्हीं को सब काम
लौ लगी है कि अब इस दर के गुलाम चारए दर्दे रज़ा करते हैं

दर मन्क़बत सय्यिदुना अबुल हुसैन अह़मद नूरी قُدِّسَ سِرُّهُ الشَّرِيْف कि वक़्ते मस्नद नशीनी ह़ज़रते मम्दूह़ दर 1297 सि.हि. अ़र्ज़ कर्दा शुद

बरतर क़ियास से है मक़ामे अबुल हुसैन
सिदरा से पूछो रिफ़्अ़ते बामे अबुल हुसैन

वा रस्ता पाए बस्तए दामे अबुल हुसैन
आज़ाद नार से है गुलामे अबुल हुसैन

ख़त्ते सियह में नूरे इलाही की ताबिशें
क्या सुब्हे़ नूरबार है शामे अबुल हुसैन

साक़ी सुना दे शीशए बग़दाद की टपक
महकी है बूए गुल से मुदामे अबुल हुसैन

बूए कबाबे सोख़्ता आती है मै-कशो
छलका शराबे चिश्त से जामे अबुल हुसैन

गुलगूं सह़र को है स-हरे सोज़े दिल से आंख
सुल्त़ाने सोहर्-वर्द है नामे अबुल हुसैन

कुरसी नशीं है नक़्श मुराद उन के फ़ैज़ से
मौलाए नक़्शबन्द है नामे अबुल हुसैन

जिस नख़्ले पाक में हैं छियालीस डालियां
इक शाख़ उन में से है बनामे अबुल हुसैन

मस्तों को ऐ करीम बचाए ख़ुमार से
ता दौर ह़श्र दौरए जामे अबुल हुसैन

उन के भले से लाखों ग़रीबों का है भला
या रब ज़माना-बाद बकामे अबुल हुसैन

मेला लगा है शाने मसीहा की दीद है
मुर्दे जिला रहा है ख़िरामे अबुल हुसैन

सर गश्ता मेहरो मह हैं पर अब तक खुला नहीं
किस चर्ख़ पर है माहे तमामे अबुल हुसैन

इतना पता मिला है कि येह चर्ख़ चम्बरी
है हफ़्त पाया ज़ीनए बामे अबुल हुसैन

ज़र्रे को मेह्र, क़त्रे को दरिया करे अभी
गर जोश ज़न हो बख़्शिशे आमे अबुल हुसैन

यह्या का सदक़ा वारिसे इक़्बाल मन्द पाए
सज्जादए शुयूख़े किरामे अबुल हुसैन

इन्आ़म लें बहारे जिनां तह्नियत लिखें
फूले फले तू नख़्ले मरामे अबुल हुसैन

अल्लाह हम भी देख लें शहज़ादे की बहार
सूंघे गुले मुराद मशामे अबुल हुसैन

आक़ा से मेरे सुथरे मियां का हुवा है नाम
इस अच्छे सुथरे से रहे नामे अबुल हुसैन

या रब वोह चांद जो फ़-लके इ़ज़्ज़ो जाह पर
हर सैर में हो गाम ब गामे अबुल हुसैन

आओ तुम्हें हिलाले सिपह्रे शरफ़ दिखाएं
गरदन झुकाएं बहरे सलामे अबुल हुसैन

कुदरत खु़दा की है कि त़लातुम कनां उठी
बह्रे फ़ना से मौजे दवामे अबुल हुसैन

या रब हमें भी चाश्नी उस अपनी याद की
जिस से है शक्करीं लबो कामे अबुल हुसैन

हां त़ालेए़ रज़ा तेरी अल्लाह रे यावरी
ऐ बन्दए जुदूदे किरामे अबुल हुसैन

ज़ाइरो पासे अदब रख्खो हवस जाने दो

ज़ाइरो पासे अदब रख्खो हवस जाने दो
आंखें अन्धी हुई हैं इन को तरस जाने दो

सूखी जाती है उमीदे गु-रबा की खेती
बूंदियां लक्कए रह़मत की बरस जाने दो

पलटी आती है अभी वज्द में जाने शीरीं
नग़मए क़ुम का ज़रा कानों में रस जाने दो

हम भी चलते हैं ज़रा क़ाफ़िले वालो ! ठहरो
गठरियां तोशए उम्मीद की कस जाने दो

दीदे गुल और भी करती है क़ियामत दिल पर
हम-सफ़ीरो हमें फिर सूए क़फ़स जाने दो

आतिशे दिल भी तो भड़काओ अदब दां नालो
कौन कहता है कि तुम ज़ब्ते नफ़स जाने दो

यूं तने ज़ार के दरपे हुए दिल के शो'लो
शेवए ख़ाना बर अन्दाज़िये ख़स जाने दो

ऐ रज़ा आह कि यूं सहल कटें जुर्म के साल
दो घड़ी की भी इबादत तो बरस जाने दो

चमने त़यबा में सुम्बुल जो संवारे गेसू

चमने त़यबा में सुम्बुल जो संवारे गेसू
हूर बढ़ कर शि-कने नाज़ पे वारे गेसू

की जो बालों से तेरे रौज़े की जारूब कशी
शब को शबनम ने तबर्रुक को हैं धारे गेसू

हम सियह कारों पे या रब तपिशे मह़शर में
साया अफ़गन हों तेरे प्यारे के प्यारे गेसू

चरचे हूरों में हैं देखो तो ज़रा बाले बुराक़
सुम्बुले खुल्द के कुरबान उतारे गेसू

आख़िरे ह़ज ग़मे उम्मत में परेशां हो कर
तीरह बख़्तों की शफ़ाअ़त को सिधारे गेसू

गोश तक सुनते थे फ़रियाद अब आए ता दोश
कि बनें ख़ाना बदोशों को सहारे गेसू

सूखे धानों पे हमारे भी करम हो जाए
छाए रह़मत की घटा बन के तुम्हारे गेसू

का'बए जां को पिन्हाया है ग़िलाफ़े मुश्कीं
उड़ के आए हैं जो अब्रू पे तुम्हारे गेसू

सिल्सिला पा के शफ़ाअ़त का झुके पड़ते हैं
सज्दए शुक्र के करते हैं इशारे गेसू

मुश्क बू कूचा येह किस फूल का झाड़ा उन से
हूरियो अ़म्बरे सारा हुए सारे गेसू

देखो क़ुरआं में शबे क़द्र है ता मत़्लए फ़ज्र
या'नी नज़्दीक हैं आ़रिज़ के वोह प्यारे गेसू

भीनी ख़ुश्बू से महक जाती हैं गलियां वल्लाह
कैसे फूलों में बसाए हैं तुम्हारे गेसू

शाने रह़मत है कि शाना न जुदा हो दम भर
सीना चाकों पे कुछ इस दरजा हैं प्यारे गेसू

शाना है पन्जए क़ुदरत तेरे बालों के लिये
कैसे हाथों ने शहा तेरे संवारे गेसू

उहुदे पाक की चोटी से उलझ ले शब भर
सुब्ह़ होने दो शबे ईद ने हारे गेसू

मुज़्दा हो क़िब्ला से घन्घोर घटाएं उमडीं
अब्रूओं पर वोह झुके झूम के बारे गेसू

तारे शीराज़ए मज्मूअ़ए कौनैन हैं येह
ह़ाल खुल जाए जो इक दम हों कनारे गेसू

तेल की बूंदें टपक्ती नहीं बालों से रज़ा
सुब्हे़ आ़रिज़ पे लुटाते हैं सितारे गेसू

ज़माना ह़ज का है जल्वा दिया है शाहिदे गुल को

ज़माना ह़ज का है जल्वा दिया है शाहिदे गुल को
इलाही ता़क़ते परवाज़ दे परहाए बुलबुल को

बहारें आईं जोबन पर घिरा है अब्र रह़मत का
लबे मुश्ताक़ भीगें दे इजाज़त साक़िया मुल को

मिले लब से वोह मुश्कीं मोह्र वाली दम में दम आए
टपक सुन कर क़ुमे ईसा कहूं मस्ती में क़ुलक़ुल को

मचल जाऊं सुवाले मुद्दआ़ पर थाम कर दामन
बहक्ने का बहाना पाऊं क़स्दे बे तअम्मुल को

दुआ़ कर बख़्ते ख़ुफ़्ता जाग हंगामे इजाबत है
हटाया सुब्ह़े रुख़ से शाह ने शबहाए काकुल को

ज़बाने फ़ल्सफ़ी से अम्न ख़र्क़ो इल्तियाम असरा
पनाहे दौरे रहमत हाए यक साअ़त तसल्सुल को

दो शम्बा मुस्तफ़ा का जुम्अ़ए आदम से बेहतर है
सिखाना क्या लिहाज़े हैसियत ख़ूए तअम्मुल को

वुफ़ूरे शाने रहमत के सबब जुरअत है ऐ प्यारे
न रख बहरे ख़ुदा शरमिन्दा अ़र्ज़े बे तअम्मुल को

परेशानी में नाम उन का दिले सद चाक से निकला
इजाबत शाना करने आई गेसूए तवस्सुल को

रज़ा नुह सब्ज़ए गर्दूं हैं कोतल जिस के मौकिब के
कोई क्या लिख सके उस की सुवारी के तजम्मुल को

याद में जिस की नहीं होशे तनो जां हम को

याद में जिस की नहीं होशे तनो जां हम को
फिर दिखा दे वोह रुख़ ऐ मेहरे फ़रोज़ां हम को

देर से आप में आना नहीं मिलता है हमें
क्या ही ख़ुद-रफ़्ता किया जल्वए जानां ! हम को

जिस तबस्सुम ने गुलिस्तां पे गिराई बिजली
फिर दिखा दे वोह अदाए गुले ख़न्दां हम को

काश आवीज़ए क़िन्दीले मदीना हो वोह दिल
जिस की सोज़िश ने किया रश्के चराग़ां हम को

अ़र्श जिस ख़ूबिये रफ़्तार का पामाल हुवा
दो क़दम चल के दिखा सर्वे ख़िरामां ! हम को

शम्ए़ तय़बा से मैं परवाना रहूं कब तक दूर
हां जला दे श-ररे आतिशे पिन्हां ! हम को

ख़ौफ़ है सम्अ़ ख़राशिये सगे त़यबा का
वरना क्या याद नहीं ना-लओ अफ़्ग़ां हम को

ख़ाक हो जाएं दरे पाक पे ह़सरत मिट जाए
या इलाही न फिरा बे सरो सामां हम को

ख़ारे सह़राए मदीना न निकल जाए कहीं
वह़्शते दिल न फिरा कोहो बयाबां हम को

तंग आए हैं दो आ़लम तेरी बेताबी से
चैन लेने दे तपे सीनए सोज़ां हम को

पाउं ग़िरबाल हुए राहे मदीना न मिली
ऐ जुनूं ! अब तो मिले रुख़्सते ज़िन्दां हम को

मेरे हर ज़ख़्मे जिगर से येह निकलती है सदा
ऐ मलीह़े अ़-रबी ! कर दे नमक दां हम को

सैरे गुलशन से असीराने क़फ़स को क्या काम
न दे तक्लीफ़े चमन बुलबुले बुस्तां हम को

जब से आंखों में समाई है मदीने की बहार
नज़र आते हैं ख़ज़ां-दीदा गुलिस्तां हम को

गर लबे पाक से इक़रारे शफ़ाअ़त हो जाए
यूं न बेचैन रखे जोशिशे इ़स्यां हम को

नय्यरे ह़श्र ने इक आग लगा रख्खी है!
तेज़ है धूप मिले सायए दामां हम को

रह़्म फ़रमाइये या शाह कि अब ताब नहीं
ता-ब-के ख़ून रुलाए ग़मे हिज्रां हम को

चाके दामां में न थक जाइयो ऐ दस्ते जुनूं
पुर्जे़ करना है अभी जेबो गिरीबां हम को

पर्दा उस चेह्रए अन्वर से उठा कर इक बार
अपना आईना बना ऐ महे ताबां हम को

ऐ रज़ा वस्फ़े रुख़े पाक सुनाने के लिये
नज़्र देते हैं चमन, मुर्ग़े ग़ज़ल ख़्वां हम को

ग़ज़ल, कि दरबारए अ़ज़्मे सफ़रे अत़्हर मदीनए मुनव्वरह अज़ मक्कए मुअ़ज़्ज़मा बा 'दे ह़ज ब मुह़र्रम 1296 सि.हि. अ़र्ज़ कर्दा शुद

ह़ाजियो ! आओ शहन्शाह का रौज़ा देखो
का'बा तो देख चुके का'बे का का'बा देखो

रुक्ने शामी से मिटी वह़्शते शामे गु़रबत
अब मदीने को चलो सुब्ह़े दिलआरा देखो

आबे ज़मज़म तो पिया ख़ूब बुझाईं प्यासें
आओ जूदे शहे कौसर का भी दरिया देखो

ज़ेरे मीज़ाब मिले ख़ूब करम के छींटे
अब्रे रह़मत का यहां ज़ोरे बरसना देखो

धूम देखी है दरे का'बा पे बेताबों की
उन के मुश्ताक़ों में ह़सरत का तड़पना देखो

मिस्ले परवाना फिरा करते थे जिस शम्अ़ के गिर्द
अपनी उस शम्अ़ को परवाना यहां का देखो

ख़ूब आंखों से लगाया है गि़लाफ़े का'बा
क़स्रे मह़बूब के पर्दे का भी जल्वा देखो

वां मुत़ीओं का जिगर ख़ौफ़ से पानी पाया
यां सियह कारों का दामन पे मचलना देखो

अव्वलीं ख़ानए ह़क़ की तो ज़ियाएं देखीं
आख़िरीं बैते नबी का भी तजल्ला देखो

ज़ीनते का'बा में था लाख अ़रूसों का बनाव
जल्वा फ़रमा यहां कौनैन का दूल्हा देखो

ऐ-मने तू़र का था रुक्ने यमानी में फ़रोग़
शो'लए तू़र यहां अन्जुमन-आरा देखो

मेहरे मादर का मज़ा देती है आग़ोशे ह़त़ीम
जिन पे मां बाप फ़िदा यां करम उन का देखो

अ़र्ज़े ह़ाजत में रहा का'बा कफ़ील‍े इन्जाह़
आओ अब दाद रसिये शहे त़यबा देखो

धो चुका ज़ुल्मते दिल बोसए संगे अस्वद
ख़ाक बोसिये मदीना का भी रुत्बा देखो

कर चुकी रिफ़्अ़ते का'बा पे नज़र परवाज़ें
टोपी अब थाम के ख़ाके दरे वाला देखो

बे नियाज़ी से वहां कांपती पाई त़ाअ़त
जोशे रह़मत पे यहां नाज़ गुनह का देखो

जुम्अ़ए मक्का था ई़द अहले इ़बादत के लिये
मुजरिमो ! आओ यहां ई़दे दोशम्बा देखो

मुल्तज़म से तो गले लग के निकाले अरमां
अ-दबो शौक़ का यां बाहम उलझना देखो

ख़ूब मस्आ़ में ब उम्मीदे सफ़ा दौड़ लिये
रहे जानां की सफ़ा का भी तमाशा देखो

रक़्से बिस्मिल की बहारें तो मिना में देखीं
दिले ख़ूंना ब फ़शां का भी तड़पना देखो

ग़ौर से सुन तो रज़ा का'बे से आती है सदा
मेरी आंखों से मेरे प्यारे का रौज़ा देखो

पुल से उतारो राह गुज़र को ख़बर न हो

पुल से उतारो राह गुज़र को ख़बर न हो
जिब्रील पर बिछाएं तो पर को ख़बर न हो

कांटा मेरे जिगर से ग़मे रोज़गार का
यूं खींच लीजिये कि जिगर को ख़बर न हो

फ़रियाद उम्मती जो करे ह़ाले ज़ार में
मुम्किन नहीं कि ख़ैरे बशर को ख़बर न हो

कहती थी येह बुराक़ से उस की सबुक-रवी
यूं जाइये कि गर्दे सफ़र को ख़बर न हो

फ़रमाते हैं येह दोनों हैं सरदारे दो जहां
ऐ मुर्तज़ा! अ़तीक़ो उ़मर को ख़बर न हो

ऐसा गुमा दे उन की विला में ख़ुदा हमें
ढूंढा करे पर अपनी ख़बर को ख़बर न हो

आ दिल ! ह़रम को रोकने वालों से छुप के आज
यूं उठ चलें कि पहलूओ बर को ख़बर न हो

तै़रे ह़रम हैं येह कहीं रिश्ता बपा न हो
यूं देखिये कि तारे नज़र को ख़बर न हो

ऐ ख़ारे त़यबा ! देख कि दामन न भीग जाए
यूं दिल में आ कि दीदए तर को ख़बर न हो

ऐ शौके़ दिल ! येह सज्दा गर उन को रवा नहीं
अच्छा ! वोह सज्दा कीजे कि सर को ख़बर न हो

उन के सिवा रज़ा कोई ह़ामी नहीं न जहां
गुज़रा करे पिसर पे पिदर को ख़बर न हो

या इलाही हर जगह तेरी अ़त़ा का साथ हो

या इलाही हर जगह तेरी अ़त़ा का साथ हो
जब पड़े मुश्किल शहे मुश्किल कुशा का साथ हो

या इलाही भूल जाऊं नज़्अ़ की तक्लीफ़ को
शादिये दीदारे हुस्ने मुस्त़फ़ा का साथ हो

या इलाही गोरे तीरह की जब आए सख़्त रात
उन के प्यारे मुंह की सुब्ह़े जां फ़िज़ा का साथ हो

या इलाही जब पड़े मह़शर में शोरे दारो गीर
अम्न देने वाले प्यारे पेश्वा का साथ हो

या इलाही जब ज़बानें बाहर आएं प्यास से
साह़िबे कौसर शहे जूदो अ़त़ा का साथ हो

या इलाही सर्द मेहरी पर हो जब ख़ुरशीदे ह़श्र
सय्यिदे बे साया के ज़िल्ले लिवा का साथ हो

या इलाही गर्मिये मह़शर से जब भड़कें बदन
दामने मह़बूब की ठन्डी हवा का साथ हो

या इलाही नामए आ'माल जब खुलने लगें
ऐ़ब पोशे ख़ल्क़ सत्तारे ख़ता का साथ हो

या इलाही जब बहें आंखें हि़साबे जुर्म में
उन तबस्सुम रेज़ होंटों की दुआ़ का साथ हो

या इलाही जब हि़साबे ख़न्दए बे जा रुलाए
चश्मे गिर्याने शफ़ीए़ मुर्तजा का साथ हो

या इलाही रंग लाएं जब मेरी बे बाकियां
उन की नीची नीची नज़रों की ह़या का साथ हो

या इलाही जब चलूं तारीक राहे पुल सिरात़
आफ़्ताबे हाशिमी नूरुल हुदा का साथ हो

या इलाही जब सरे शमशीर पर चलना पड़े
रब्बे सल्लिम कहने वाले ग़मज़ुदा का साथ हो

या इलाही जो दुआ़ए नेक मैं तुझ से करूं
क़ुदसियों के लब से आमीं रब्बना का साथ हो

या इलाही जब रज़ा ख़्वाबे गिरां से सर उठाए
दौलते बेदारे इ़श्क़े मुस्त़फा का साथ हो

क्या ही ज़ौक़ अफ़्ज़ा शफ़ाअ़त है तुम्हारी वाह वाह

क्या ही ज़ौक़ अफ़्ज़ा शफ़ाअ़त है तुम्हारी वाह वाह
क़र्ज़ लेती है गुनह परहेज़ गारी वाह वाह

ख़ामए कुदरत का हुस्ने दस्त–कारी वाह वाह
क्या ही तस्वीर अपने प्यारे की संवारी वाह वाह

अश्क शब भर इन्तिज़ारे अ़फ़्वे उम्मत में बहें
मैं फ़िदा चांद और यूं अख़्तर शुमारी वाह वाह

उंग्लियां हैं फ़ैज़ पर टूटे हैं प्यासे झूम कर
नद्दियां पंजाबे रह़मत की हैं जारी वाह वाह

नूर की ख़ैरात लेने दौड़ते हैं मेहरो माह
उठती है किस शान से गर्दे सुवारी वाह वाह

नीम जल्वे की न ताब आए क़मर सां तो सही
मेह्र और उन तल्वों की आईना दारी वाह वाह

नफ़्स येह क्या ज़ुल्म है जब देखो ताज़ा जुर्म है
ना तुवां के सिर पर इतना बोझ भारी वाह वाह

मुजरिमों को ढूंडती फिरती है रहमत की निगाह
ताले़ए बर-गशता तेरी साज़गारी वाह वाह

अ़र्ज़ बेगी है शफ़ाअ़त अ़फ़्व की सरकार में
छंट रही है मुजरिमों की फ़र्द सारी वाह वाह

क्या मदीने से सबा आई कि फूलों में है आज
कुछ नई बू भीनी भीनी प्यारी प्यारी वाह वाह

ख़ुद रहे पर्दे में और आईना अ़क्से ख़ास का
भेज कर अन्जानों से की राहदारी वाह वाह

इस त़रफ़ रौज़े का नूर उस सम्त मिम्बर की बहार
बीच में जन्नत की प्यारी प्यारी क्यारी वाह वाह

सदक़े इस इन्आ़म के क़ुरबान इस इक्राम के
हो रही है दोनों आ़लम में तुम्हारी वाह वाह

पारए दिल भी न निकला दिल से तोह़फ़े में रज़ा
उन सगाने कू से इतनी जान प्यारी वाह वाह

रौनक़े बज़्मे जहां हैं आ़शिक़ाने सोख़्ता

रौनक़े बज़्मे जहां हैं आ़शिक़ाने सोख़्ता
कह रही है शम्अ़ की गोया ज़बाने सोख़्ता

जिस को कुर्से मेह्र समझा है जहां ऐ मुन्इमो !
उन के ख़्वाने जूद से है एक नाने सोख़्ता

माहे मन येह नय्यरे मह़शर की गरमी ता ब-के
आतशे इ़स्यां में ख़ुद जलती है जाने सोख़्ता

बर्क़े अंगुश्ते नबी चमकी थी उस पर एक बार
आज तक है सीनए मह में निशाने सोख़्ता

मेहरे आ़लम-ताब झुकता है पए तस्लीम रोज़
पेशे ज़र्राते मज़ारे बे दिलाने सोख़्ता

कूचए गेसूए जानां से चले ठन्डी नसीम
बालो पर अफ़्शां हों या रब बुलबुलाने सोख़्ता

बहरे ह़क़ ऐ बह़रे रह़मत इक निगाहे लुत़्फ़-बार
ता ब-के बे आब तड़पें माहियाने सोख़्ता

रू कशे ख़ुरशीदे मह़शर हो तुम्हारे फ़ैज़ से
इक शरारे सीनए शैदाइयाने सोख़्ता

आतशे तर दामनी ने दिल किये क्या क्या कबाब
ख़िज़्र की जां हो जिला दो माहियाने सोख़्ता

आतशे गुलहाए त़यबा पर जलाने के लिये
जान के त़ालिब हैं प्यारे बुलबुलाने सोख़्ता

लुत़्फ़े बर्क़े जल्वए मे'राज लाया वज्द में
शो'लए जव्वाला सां है आस्माने सोख़्ता

ऐ रज़ा मज़्मून सोज़े दिल की रिफ़्अ़त ने किया
इस ज़मीने सोख़्ता को आस्माने सोख़्ता

सब से औला व आ'ला हमारा नबी

सब से औला व आ'ला हमारा नबी
सब से बाला व वाला हमारा नबी

अपने मौला का प्यारा हमारा नबी
दोनों आ़लम का दूल्हा हमारा नबी

बज़्मे आख़िर का शम्अ़ फ़रोज़ां हुवा
नूरे अव्वल का जल्वा हमारा नबी

जिस को शायां है अ़र्शे ख़ुदा पर जुलूस
है वोह सुल्त़ाने वाला हमारा नबी

बुझ गईं जिस के आगे सभी मश्अ़लें
शम्अ़ वोह ले कर आया हमारा नबी

जिस के तल्वों का धोवन है आबे ह़यात
है वोह जाने मसीह़ा हमारा नबी

अ़र्शो कुरसी की थीं आईना बन्दियां
सूए ह़क़ जब सिधारा हमारा नबी

ख़ल्क़ से औलिया औलिया से रुसुल
और रसूलों से आ'ला हमारा नबी

हुस्न खाता है जिस के नमक की क़सम
वोह मलीहे दिलआरा हमारा नबी

ज़िक्र सब फीके जब तक न मज़्कूर हो
न-मकीं हुस्न वाला हमारा नबी

जिस की दो बूंद हैं कौसरो सल-सबील
है वोह रहमत की दरिया हमारा नबी

जैसे सब का खुदा एक है वैसे ही
इन का उन का तुम्हारा हमारा नबी

क़रनों बदली रसूलों की होती रही
चांद बदली का निकला हमारा नबी

कौन देता है देने को मुंह चाहिये
देने वाला है सच्चा हमारा नबी

क्या ख़बर कितने तारे खिले छुप गए
पर न डूबे न डूबा हमारा नबी

मुल्के कौनैन में अम्बिया ताजदार
ताजदारों का आक़ा हमारा नबी

ला मकां तक उजाला है जिस का वोह है
हर मकां का उजाला हमारा नबी

सारे अच्छों में अच्छा समझिये जिसे
है उस अच्छे से अच्छा हमारा नबी

सारे ऊंचों में ऊंचा समझिये जिसे
है उस ऊंचे से ऊंचा हमारा नबी

अम्बिया से करूं अ़र्ज़ क्यूं मालिको !
क्या नबी है तुम्हारा हमारा नबी

जिस ने टुकड़े किये हैं क़मर के वोह है
नूरे वह्दत का टुकड़ा हमारा नबी

सब चमक वाले उजलों में चमका किये
अन्धे शीशों में चमका हमारा नबी

जिस ने मुर्दा दिलों को दी उ़म्रे अबद
है वोह जाने मसीहा हमारा नबी

ग़मज़दों को रज़ा मुज़्दा दीजे कि है
बे कसों का सहारा हमारा नबी

दिल को उन से ख़ुदा जुदा न करे

दिल को उन से ख़ुदा जुदा न करे
बे कसी लूट ले ख़ुदा न करे

इस में रौज़े का सज्दा हो कि त़वाफ़
होश में जो न हो वोह क्या न करे

येह वोही हैं कि बख़्श देते हैं
कौन इन जुर्मों पर सज़ा न करे

सब त़बीबों ने दे दिया है जवाब
आह ईसा अगर दवा न करे

दिल कहां ले चला ह़रम से मुझे
अरे तेरा बुरा ख़ुदा न करे

उ़ज़्र उम्मीदे अ़फ़्व गर न सुनें
रू सियाह और क्या बहाना करे

दिल में रोशन है शम्ए इश्के़ हुज़ूर
काश जोशे हवस हवा न करे

हश्र में हम भी सैर देखेंगे
मुन्किर आज उन से इल्तिजा न करे

ज़ो'फ़ माना मगर येह ज़ालिम दिल
उन के रस्ते में तो थका न करे

जब तेरी ख़ू है सब का जी रखना
वोही अच्छा जो दिल बुरा न करे

दिल से इक ज़ौके़ मै का त़ालिब हूं
कौन कहता है इत्तिक़ा न करे

ले रज़ा सब चले मदीने को
मैं न जाऊं अरे ख़ुदा न करे

मोमिन वोह है जो उन की इ़ज़्ज़त पे मरे दिल से

मोमिन वोह है जो उन की इ़ज़्ज़त पे मरे दिल से
ता'ज़ीम भी करता है नज्दी तो मरे दिल से

वल्लाह वोह सुन लेंगे फ़रियाद को पहुंचेंगे
इतना भी तो हो कोई जो आह करे दिल से

बिछड़ी है गली कैसी बिगड़ी है बनी कैसी
पूछो कोई येह सदमा अरमान भरे दिल से

क्या उस को गिराए दह्र जिस पर तू नज़र रख्खे
ख़ाक उस को उठाए ह़श्र जो तेरे गिरे दिल से

बहका है कहां मज्नूं ले डाली बनों की ख़ाक
दम भर न किया ख़ैमा लैला ने परे दिल से

सोने को तपाएं जब कुछ मील हो या कुछ मैल
क्या काम जहन्नम के दहरे को खरे दिल से

आता है दरे वाला यूं ज़ौके़ तवाफ़ आना
दिल जान से सदके़ हो सिर गिर्द फिरे दिल से

ऐ अब्रे करम फ़रियाद फ़रियाद जला डाला
इस सोज़िशे ग़म को है ज़िद मेरे हरे दिल से

दरिया है चढ़ा तेरा कितनी ही उड़ाईं ख़ाक
उतरेंगे कहां मुजरिम ऐ अ़फ़्व तेरे दिल से

क्या जानें यमे ग़म में दिल डूब गया कैसा
किस तह को गए अरमां अब तक न तेरे दिल से

करता तो है याद उन की ग़फ़्लत को ज़रा रोके
लिल्लाह रज़ा दिल से हां दिल से अरे दिल से

अल्लाह अल्लाह के नबी से

अल्लाह अल्लाह के नबी से
फ़रियाद है नफ़्स की बदी से

दिन भर खेलों में ख़ाक उड़ाई
लाज आई न ज़र्रों की हंसी से

शब भर सोने ही से ग़रज़ थी
तारों ने हज़ार दांत पीसे

ईमान पे मौत बेहतर ओ नफ़्स
तेरी नापाक ज़िन्दगी से

ओ शह्द नुमाए ज़ह्र दर जाम
गुम जाऊं किधर तेरी बदी से

गहरे प्यारे पुराने दिलसोज़
गुज़रा मैं तेरी दोस्ती से

तुझ से जो उठाए मैं ने सदमे
ऐसे न मिले कभी किसी से

उफ़ रे ख़ुद काम बे मुरुव्वत
पड़ता है काम आदमी से

तू ने ही किया ख़ुदा से नादिम
तू ने ही किया ख़जिल नबी से

कैसे आक़ा का हुक्म टाला
हम मर मिटे तेरी ख़ुद-सरी से

आती न थी जब बदी भी तुझ को
हम जानते हैं तुझे जभी से

हद के ज़ालिम सितम के कट्टर
पथ्थर शरमाएं तेरे जी से

हम ख़ाक में मिल चुके हैं कब के
निकला न ग़ुबार तेरे जी से

है ज़ालिम ! मैं निबाहूं तुझ से
अल्लाह बचाए उस घड़ी से

जो तुम को न जानता हो हज़रत
चालें चलिये उस अज्नबी से

अल्लाह के सामने वोह गुन थे
यारों में कैसे मुत्तक़ी से

रहज़न ने लूट ली कमाई
फ़रियाद है ख़िज़्र हाशिमी से

अल्लाह कूंएं में ख़ुद गिरा हूं
अपनी नालिश करूं तुझी से

हैं पुश्ते पनाह ग़ौसे आ'ज़म
क्यूं डरते हो तुम रज़ा किसी से

श-ज-रए ड़लिय्या ह़ज़राते आ़लिय्या क़ादिरिय्या ब-रकातिय्या

رِضْوَانُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیۡہِمۡ اَجۡمَعِیۡن اِلٰی یَوۡمِ الدِّیۡن

या इलाही रह़्म फ़रमा मुस्त़फ़ा के वासित़े
या रसूलल्लाह करम कीजे ख़ुदा के वासित़े

मुश्किलें ह़ल कर शहे मुश्किल कुशा[1] के वासित़े
कर बलाएं रद शहीदे करबला[2] के वासित़े

सय्यिदे सज्जाद[3] के सदक़े में साजिद रख मुझे
इ़ल्मे ह़क़ दे बाक़िरे[4] इ़ल्मे हुदा के वासित़े

सिद्क़े सादिक़[5] का तसद्दुक़ सादिक़ुल इस्लाम कर
बे ग़ज़ब राज़ी हो काज़िम[6] और रज़ा[7] के वासित़े

बहरे मा'रूफ़ो[8] सरी[9] मा'रूफ़ दे बे ख़ुद-सरी
जुन्दे ह़क़ में गिन जुनैदे[10] बा सफ़ा के वासित़े

बहरे शिब्ली[11] शेरे ह़क़ दुन्या के कुत्तों से बचा
एक का रख अ़ब्दे[12] वाह़िद बे रिया के वासित़े

बुल फ़रह़[13] का सदक़ा कर ग़म को फ़रह़ दे ह़ुस्नो सा'द
बुल ह़सन[14] और बू सई़दे[15] सा'दे ज़ा के वासित़े

क़ादिरी कर क़ादिरी रख क़ादिरिय्यों में उठा
क़दरे अ़ब्दुल क़ादिरे[16] क़ुदरत नुमा के वासित़े

اَحۡسَنَ اللّٰہُ لَہُمۡ رِزۡقًا से दे रिज़्क़े ह़सन
बन्दए रज़्ज़ाक़[17] ताजुल अस्फ़िया के वासित़े

नस्र[18] अबी सालेह़ का सदक़ा सालेह़ो मन्सूर रख
दे ह़याते दीं मुह़िय्ये[19] जां फ़िज़ा के वासित़े

तू़रे[(1)] इ़रफ़ानो उ़लुव्वो ह़म्दो ह़ुस्ना व बहा
दे अ़ली[20] मूसा[21] ह़सन[22] अह़मद[23] बहा[24] के वासित़े

---

1 : या'नी मर्तबा मा'रिफ़त और बुलन्दी का और ख़ूबी और बेहतरी और नूर अ़त़ा कर इन मशाइख़े ख़म्सा के वासित़े इस में उ़लुव ब मुना–सबत नामे पाक ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ली है और तू़रे इ़रफ़ां ब मुना–सबत नामे पाक ह़ज़रते सय्यिद मूसा और ह़ुस्ना ब मुना–सबत नामे पाक ह़ज़रते सय्यिदी ह़सन और अह़मद =

बहरे इब्राहीम[25] मुझ पर नारे ग़म गुलज़ार कर
भीक दे दाता भिकारी[26] बादशा के वासिते़

ख़ानए दिल को ज़िया दे रूए ईमां को जमाल
शह ज़िया[27] मौला जमालुल[28] औलिया के वासिते़

दे मुह़म्मद[29] के लिये रोज़ी कर अह़मद[30] के लिये
ख़्वाने फ़ज़्लुल्लाह[31] से हि़स्सा गदा के वासिते़

दीनो दुन्या के मुझे ब-रकात दे ब-रकात[32] से
इ़श्क़े ह़क़ दे इ़श्क़ी(1) इ़श्क़े इन्तिमा के वासिते़

हुब्बे अहले बैत दे आले[33] मुह़म्मद के लिये
कर शहीदे इ़श्क़ ह़म्ज़ा[34] पेश्वा के वासिते़

दिल को अच्छा तन को सुथरा जान को पुरनूर कर
अच्छे प्यारे शम्से[35] दीं बदरुल उ़ला के वासिते़

= ब मुना-सबत नाम सय्यिदी अह़मद और बहा ब मुना-सबत नामे पाक ह़ज़रत सय्यिदी बहाउल मिल्ल-त वद्दीन قُدِّسَتْ اَسْرَارُهُمْ ।

1 : "इ़श्क़ी" ह़ज़रते सय्यिदुना शाह ब-र-कतुल्लाह رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه का तख़ल्लुस है, और "इन्तिमा" ब मा'ना इन्तिसाब या'नी निस्बते इ़श्क़ रखने वाले ।12

दो जहां में ख़ादिमे आले रसूलुल्लाह कर
हज़रते आले[36] रसूले[(1)] मुक़्तदा के वासिते

सदक़ा इन आ'यां का दे छ ऐन इज़्ज़ इल्मो अ़मल
अ़फ़्वो इरफ़ां आ़फ़ियत अह़मद रज़ा के वासिते

जिसे जो मिला......

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم "اِنَّمَا اَنَا قَاسِمٌ وَاللّٰهُ يُعْطِى" या'नी **अल्लाह** अ़त़ा करता है और मैं तक़्सीम करता हूं। (صحیح بخاری،ج۱،الحدیث:۷۱، ص۴۳) इस ह़दीसे पाक के तह़्त मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْحَنَّان फ़रमाते हैं : दीन व दुन्या की सारी ने'मतें इल्म, ईमान, माल औलाद वग़ैरा देता **अल्लाह** है बांटते हुज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم हैं जिसे जो मिला हुज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के हाथों मिला क्यूं कि यहां न अल्लाह की दैन में कोई क़ैद है न हुज़ूर की तक़्सीम में। (मिरआतुल मनाजीह़, जि. 1, स. 187)

1 : उ़र्स शरीफ़ 16,17,18 ज़िल हिज्जतिल ह़राम, बरेली शरीफ़ मह़ल्ला सौदागरान में हुवा करता है।

अ़र्शे ह़क़ है मस्नदे रिफ़्अ़त रसूलुल्लाह की

अ़र्शे ह़क़ है मस्नदे रिफ़्अ़त रसूलुल्लाह की
देखनी है ह़श्र में इ़ज़्ज़त रसूलुल्लाह की

क़ब्र में लहराएंगे ता ह़श्र चश्मे नूर के
जल्वा फ़रमा होगी जब त़ल्अ़त रसूलुल्लाह की

काफ़िरों पर तैग़े वाला से गिरी बर्क़े ग़ज़ब
अब्र आसा छा गई हैबत रसूलुल्लाह की

لَاوَرَبِّ الْعَرْش जिस को जो मिला उन से मिला
बटती है कौनैन में ने'मत रसूलुल्लाह की

वोह जहन्नम में गया जो उन से मुस्तग़नी हुवा
है ख़लीलुल्लाह को ह़ाजत रसूलुल्लाह की

सूरज उलटे पाउं पलटे चांद इशारे से हो चाक
अन्धे नज्दी देख ले कुदरत रसूलुल्लाह की

तुझ से और जन्नत से क्या मत़लब वहाबी दूर हो
हम रसूलुल्लाह के जन्नत रसूलुल्लाह की

ज़िक्र रोके फ़ज़्ल काटे नक़्स का जूयां रहे
फिर कहे मरदक कि हूं उम्मत रसूलुल्लाह की

नज्दी उस ने तुझ को मोहलत दी कि इस आ़लम में है
काफ़िरो मुरतद पे भी रह़मत रसूलुल्लाह की

हम भिकारी वोह करीम उन का ख़ुदा उन से फ़ुज़ूं
और ना कहना नहीं आ़दत रसूलुल्लाह की

अहले सुन्नत का है बेड़ा पार अस्ह़ाबे हुज़ूर
नज्म हैं और नाउ है इ़तरत रसूलुल्लाह की

ख़ाक हो कर इ़श्क़ में आराम से सोना मिला
जान की इक्सीर है उल्फ़त रसूलुल्लाह की

टूट जाएंगे गुनहगारों के फ़ौरन क़ैदो बन्द
ह़श्र को खुल जाएगी त़ाक़त रसूलुल्लाह की

या रब इक साअ़त में धुल जाएं सियह कारों के जुर्म
जोश में आ जाए अब रह़मत रसूलुल्लाह की

है गुले बाग़े क़ुदुस रुख़्सारे ज़ैबाए हुज़ूर !
सर्वे गुलज़ारे क़िदम क़ामत रसूलुल्लाह की

ऐ रज़ा ख़ुद साह़िबे क़ुरआं है मद्दाह़े हुज़ूर
तुझ से कब मुम्किन है फिर मिदह़त रसूलुल्लाह की

क़ाफ़िले ने सूए त़यबा कमर आराई की

क़ाफ़िले ने सूए त़यबा कमर आराई की
मुश्किल आसान इलाही मेरी तन्हाई की

लाज रख ली त़-मए अ़फ़्व के सौदाई की
ऐ मैं कुरबां मेरे आक़ा बड़ी आक़ाई की

फ़र्श ता अ़र्श सब आईना ज़माइर ह़ाज़िर
बस क़सम खाइये उम्मी तेरी दानाई की

शश जिहत सम्ते मुक़ाबिल शबो रोज़ एक ही ह़ाल
धूम वन्नज्म में है आप की बीनाई की

पानसो500 साल की राह ऐसी है जैसे दो गाम
आस हम को भी लगी है तेरी शिनवाई की

चांद इशारे का हिला हुक्म का बांधा सूरज
वाह क्या बात शहा तेरी तुवानाई की

तंग ठहरी है रज़ा जिस के लिये वुस्अ़ते अ़र्श
बस जगह दिल में है उस जल्वए हरजाई की

पेशे ह़क़ मुज़्दा शफ़ाअ़त का सुनाते जाएंगे

पेशे ह़क़ मुज़्दा शफ़ाअ़त का सुनाते जाएंगे
आप रोते जाएंगे हम को हंसाते जाएंगे

दिल निकल जाने की जा है आह किन आंखों से वोह
हम से प्यासों के लिये दरिया बहाते जाएंगे

कुश्त-गाने गर्मिये मह़शर को वोह जाने मसीह़
आज दामन की हवा दे कर जिलाते जाएंगे

गुल खिलेगा आज येह उन की नसीमे फ़ैज़ से
ख़ून रोते आएंगे हम मुस्कुराते जाएंगे

हां चलो ह़सरत ज़दो सुनते हैं वोह दिन आज है
थी ख़बर जिस की कि वोह जल्वा दिखाते जाएंगे

आज ईदे आ़शिक़ां है गर ख़ुदा चाहे कि वोह
अब्रूए पैवस्ता का आ़लम दिखाते जाएंगे

